राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 264 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



लोकसभा स्पीकर राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती पर पुष्पपांजलि अर्पित करत हुए। साथ में हैं मल्लिकार्जुन खड़गे।

# बिहारः जातीय गणना रिपोर्ट जारी

= 36% अत्यंत पिछड़ा वर्ग, ओबीसी 27%; यादव 14%, ब्राह्मण-ठाकुर 3-3%, सबसे कम कायस्थ 0.60%

**रिपोर्ट सार्वजनिक**


**8 बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ से अधिक है। यह जानकारी भी दी कि कौन सी जाति की कितनी आबादी है**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

**बिहार** सरकार की ओर से कराई गई जातीय आधारित गणना की रिपोर्ट सोमवार जारी कर दी गई है। बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने यह रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि बिहार की कुल आबादी 13 करोड़ से अधिक है। साथ ही यह जानकारी भी दी कि कौन सी जाति की कितनी आबादी है। बिहार सरकार में अपर मुख्य सचिव विवेक कुमार सिंह ने जातीय आधारित गणना की रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि राज्य में कुल आबादी 13 करोड़ से ज्यादा है। गांधी जयंती के शुभ अवसर पर बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना के आंकड़े प्रकाशित कर दिए गए हैं। जाति आधारित गणना के कार्य में लगी हुई पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई! जाति आधारित गणना के लिए सर्वसम्मति से विधानमंडल में प्रस्ताव पारित किया गया था। बिहार विधानसभा के सभी नौ दलों की सहमति से निर्णय लिया गया था कि राज्य सरकार अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराएगी एवं दिनांक 02-06-2022 को मंत्रिपरिषद से इसकी स्वीकृति दी गई थी। इसके आधार पर राज्य सरकार ने अपने संसाधनों से जाति आधारित गणना कराई है। जाति आधारित गणना से न सिर्फ जातियों के बारे में पता चला है बल्कि सभी की आर्थिक स्थिति की जानकारी भी मिली है। इसी के आधार पर सभी वर्गों के विकास एवं उत्थान के लिए अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

**जल्द बुलाई जाएगी सर्वदलीय बैठकः** नीतीश कुमार ने बताया कि बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को लेकर शीघ्र ही बिहार विधानसभा के उन्हीं नौ दलों की बैठक बुलाई जाएगी तथा जाति आधारित गणना के परिणामों से उन्हें अवगत कराया जाएगा।

'जितनी संख्या, उसकी उतनी हिस्सेदारी हो' जातीय गणना की रिपोर्ट पर बोले लालू, नीतीश की भी आई प्रतिक्रिया इस खबर में लिखे गए जातियों के नाम बिहार राज्य सरकार द्वारा जारी की गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से जस के तस लिए गए हैं।



**बिहार में किसकी-कितनी हिस्सेदारी**

| | 2011 की जनगणना | 2023 की जातिगत गणना |
|---|---|---|
| पिछड़ा वर्ग | 50-53% | 63% |
| अनुसूचित जाति | 15.9% | 19.6% |
| सामान्य | 30-33% | 15.50% |
| अनुसूचित जनजाति | 1.3% | 1.6% |



## अति पिछड़ी जाति में 1% से कम वाले काफी संख्या में

**जाति** आधारित गणना की रिपोर्ट में समेकित रूप से अति पिछड़ा वर्ग के लोगों की संख्या तो सबसे अधिक है, लेकिन अगर इन जातियों का ब्रेकअप देखा जाए तो इनमें एक प्रतिशत से कम संख्या वाली जातियों की संख्या सबसे अधिक है। इन जातियों में अघोरी, अदरखी, अबदल, अमात, अवध बनिया, असुर, अगरिया, इदरीसी, ईटफरोश, गदहेड़ी, ईटपज इब्राहिमी, ईसाई धर्मावलंबी (हरिजन) उरांव, कपरिया,करमाली, कलंदर, कवार, कसाब, कागजी, कादर, किसान नागोसिया, कुल्हैया, केवट, केवर्त, गोल, कौरा, कोरा, कोस्कू, कौरवा, कोल, कोस्ता, कुरारियार और कंजर एक प्रतिशत से कम संख्या वाली जातियां हैं। इनके अलावा, खटवा, खटिक, खटिक, खलौरी, खरवार, खरिया, खेलटा, खोंड, खंगर, गद्दी, गुलगुलिया, गोड़ी, गोंड, गोराइत, गोस्वामी, संन्यासी, गंगई, गंगोता, गंधर्व, घटवार, घासी, चनऊ, चपोता, चांय, चीक, चिक बराइक, चूड़ीहार, चेरों, छीपी, जट, जटपुतिया, जागा, जोगी, टिकुलहार, ठकुराई, डफाली, बांसफोड़ और ढेकारू की संख्या भी एक प्रतिशत से कम है। भार, भास्कर, भूइया. भूईयार, भोक्ता, मझवार, मडरिया, मदार, मदारी, मलार, मारकंडे, माल पहरिया, माहली, माली, मांगर, मुकेरी, मुन्हा पातर, गिरियासीन, मोरशिकार, मोरियारी, मौलिक, रजवार, राजधोबी, राजभर, राजवंशी, रौतिया, रंगरेज, रंगवा, लहेड़ी, लालबेगी.लोहरा, वनपर, विरिजिय और शिवहरी की आबादी भी एक फीसदी से कम है। शेरशाहबादी, फकीर, सामरी वैश्य, सावर, सिंदुरिया बनिया, सुकियार, सूत्रधार, सेखड़ा, सिकलगर, सेंधवार, सोनार, सोयर, सौरिया पहाड़िया, सोता, संतराश, हलालखोर, हलवाई, गोलवारा, खत्री, धरामी, सूतिहर, बहेलिक, रस्तोगी, केवानी व अन्य भी एक प्रतिशत से कम संख्या वाली जातियां हैं।

**बैठक**

**8 बिहार में कराई गई जाति आधारित गणना को लेकर शीघ्र ही बिहार विधानसभा के उन्हीं नौ दलों की बैठक बुलाई जाएगीः नीतीश कुमार**

## बिहार में 190 ऐसी जातियां, जिनकी आबादी एक प्रतिशत भी नहीं: रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

जाति आधारित गणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद यह दिलचस्प आंकड़ा भी सामने आया है कि बिहार में जिन 215 जातियों की गणना हुई, उनमें 190 जातियां इस श्रेणी की हैं, जिनकी आबादी एक प्रतिशत भी नहीं। बिहार में केवल 25 जातियां ही इस श्रेणी की हैं, जिनकी संख्या एक प्रतिशत से अधिक है। एक प्रतिशत से कम आबादी वाले लोग अति पिछड़ा, मुस्लिम व सवर्ण समाज में भी हैं। अगड़ी जाति में कायस्थ सहित कई बिरादरी 1% कम अगड़ी जाति के लोगों की गणना के संबंध में जो रिपोर्ट है उसके अनुसार, कायस्थ सहित मुस्लिम समाज की दो अगड़ी जातियों की संख्या एक प्रतिशत से कम है। कायस्थ की संख्या बिहार की कुल आबादी का 0.6011 प्रतिशत है। मुस्लिम समाज में पठान अगड़ी जाति में हैं। इनकी संख्या 0.7548 प्रतिशत है। सैयद भी मुस्लिम समाज में अगड़ी जाति की गिनती में हैं। इनकी संख्या कुल आबादी का 0.2279 प्रतिशत है।

## एससी-एसटी में भी 1% से कम आबादी वाले




अनुसूचित जाति व जनजाति में भी एक प्रतिशत से कम आबादी वाले हैं। इनमें धोबी रजक, धोबी (मुस्लिम), पासी, संथाल, भंगी, मेहतर, उरांव व डोम आदि का नाम लिया जा सकता है।

**फास्ट न्यूज**

## कर्नाटक के शिवमोगा में धारा 144 लागू

**टीम एक्शन इंडिया/शिवमोगा**

**कर्नाटक** के शिवमोगा में ईद मिलाद जुलूस के दौरान दो गुटों में तनाव हो गया था। तनाव के एक दिन बाद सोमवार (2 अक्टूबर) को कर्नाटक पुलिस ने एक बयान में कहा कि रागी गुड्डा इलाके में अब स्थिति शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। दरअसल, रागी गुड्डा के नजदीक शांति नगर इलाके में जुलूस में शामिल कुछ उपद्रवियों ने कथित तौर पर पथराव की घटना को अंजाम दिया था।

**सीएम ने कहा स्थिति अब नियंत्रण मेंः** वहीं, शिवमोगा में पथराव की घटना पर कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया ने कहा, "ईद मिलाद का जुलूस चल रहा था, तभी कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया। उपद्रवियों ने पुलिस पर भी पथराव किया। अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हमारी सरकार ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। स्थिति अब नियंत्रण में है।" रविवार को जुलूस में पथराव की घटनाओं के बाद इलाके में तनाव है। इलाके में धारा 144 लागू है। शिवमोगा के पुलिस अधीक्षक जीके मिथुन कुमार ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि घटना में पुलिस के जवानों के साथ में कुछ लोगों को चोटें आई हैं और कुछ संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है।

**पुलिस ने लोगों से शिकायत दर्ज कराने को कहाः** जीके मिथुन कुमार ने कहा, "जिन लोगों को चोटें आई हैं और जिनकी संपत्ति को नुकसान हुआ है, हमने उनसे शिकायत दर्ज करने के लिए कहा है। हमने घटना में शामिल कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हमारे पास वीडियोग्राफी, सीसीटीवी कैमरा और ड्रोन कैमरे की वीडियो फुटेज है। हम घटना में शामिल सभी लोगों को पकड़ लेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सजा दी जाए।"

## भाजपा को 10 वर्षों तक मुस्लिम वोटों की जरूरत नहीं...'

**टीम एक्शन इंडिया/गुवाहाटी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक ऐसा बयान दिया है, जिससे काफी विवाद खड़ा हो सकता है। सरमा ने दावा किया है कि भाजपा को कम से कम 10 सालों तक चार चापोरी इलाके में रहने वाले मुसलमानों के वोटों की जरूरत नहीं है। बता दें कि असम में, चार चापोरी ब्रह्मपुत्र नदी और उसकी सहायक नदियों का एक क्षेत्र है जो बाढ़ के मैदानी तलछट से बना है।

## कैटलिन कारिको-ड्रू वीसमैन को मिला मेडिसिन का नोबेल प्राइज

**उपलब्धि**

**8 फिजियोलॉजी या मेडिसिन में नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को दिया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**फिजियोलॉजी** या मेडिसिन में वर्ष 2023 का नोबेल पुरस्कार दो अमेरिकी वैज्ञानिकों को वैक्सीन उत्पादन को आसान और तेज बनाने से जुड़ी उनकी खोज के लिए दिया जाएगा। इसी खोज का नतीजा है कि दुनियाभर में कोविड के दौरान वैक्सीन का बड़े स्तर पर उत्पादन हुआ और लोगों को जल्द ही महामारी के संकट से बचाया जा सका। करोलिंस्का इंस्टीट्यूट में नोबेल असेंबली ने आज फिजियोलॉजी या मेडिसिन में 2023 का नोबेल पुरस्कार संयुक्त रूप से न्यूक्लियोसाइड बेस संशोधनों से संबंधित खोजों के लिए कैटालिन कारिको और ड्रू वीसमैन को देने का निर्णय लिया है। दोनों वैज्ञानिकों की खोज बताती है कि एमआरएनए हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ कैसे संपर्क करता है।

## 'राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराए केन्द्र सरकार'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से जल्द से जल्द राष्ट्रीय जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि यूपीए सरकार के दूसरे कार्यकाल में यह कार्य लगभग पूरा हो गया था लेकिन मोदी सरकार ने जाति जनगणना के आंकड़े जारी नहीं किए थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि कांग्रेस बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना का स्वागत करती है और केन्द्र से राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना कराने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सशक्तिकरण कार्यक्रमों को मजबूती प्रदान करने और सामाजिक न्याय को आगे बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है।

## एमपीः मोदी ने दी विकास कार्यों की सौगात

### पीएम आवास योजना के दो लाख से अधिक हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश

**विकासात्मक कार्य**

**8 ग्वालियर से श्योपुर ब्राडग्रेज लाइन पर सुमावली तक मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई**



**टीम एक्शन इंडिया/ग्वालियर**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को मेला मैदान पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में मध्य प्रदेश को 19 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने ग्वालियर से श्योपुर ब्राडग्रेज लाइन पर सुमावली तक मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इसके साथ ही दिल्ली बड़ोदरा एक्सप्रेस-वे राष्ट्र को सौंपा। साथ ही दो लाख से अधिक लोगों को पीएम आवास योजना के घरों में गृह प्रवेश कराया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी में सभी योजनाओं के मॉडलों को देखा। प्रधानमंत्री मोदी वायु सेना के विशेष विमान से सोमवार अपरान्ह करीब तीन बजे ग्वालियर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री हेलीकाप्टर से मेला मैदान आए, जहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत कर उनकी अगवानी की। यहां से मोदी खुली जीप में रोड शो करते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे।



राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजघाट पर पुष्पपांजलि अर्पित करते हुए।

## सबूतों के आधार पर हो रही मणिपुर में गिरफ्तारियांः सीबीआई

**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**इस साल मई** से मणिपुर में जातीय झड़पें हो रही हैं। इसको लेकर एनआईए और सीबीआई लगातार गिरफ्तारी भी कर रही है। आदिवासी समूहों ने एनआईए और सीबीआई पर मनमानी का आरोप लगाया है, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों ने सोमवार को कहा कि अशांत राज्य में की गई हर गिरफ्तारी जांच टीमों द्वारा एकत्र किए गए सबूतों पर आधारित हैं।

## प्रदेश में 1000 आयुष सहायकों की नियुक्तिः मुख्यमंत्री खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने योग को नागरिकों की दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प किया है। इसीलिए प्रदेशभर में योगशालाएं स्थापित करने और 1000 आयुष सहायकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 882 आयुष योग सहायकों ने विभिन्न योगशालाओं में कार्यभार ग्रहण कर लिया है व शेष आयुष योग सहायकों की भर्ती का कार्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से प्रगति पर है। इसके दूसरे चरण में एक हजार और व्यायामशालाओं पर कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा। मुख्यमंत्री पंचकूला में आयोजित योग एवं आयुष सहायक प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर जिले में कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए जो हर माह की 21 तारीख को गांव के योग सहायकों से रिपोर्ट लेकर मुख्यालय को भेजेंगे। इसके अलावा दूसरे चरण में सभी जिलों में विशेष योग कोच लगाए जाएंगे जो योग सहायकों को समय समय पर प्रशिक्षण देने का भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यायामशालाओं में बायोमीट्रिक मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी।



**ऐलान**

**8 सरकार ने योग को नागरिकों की दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प कियाः सीएम मनोहर लाल**

**हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर**

### अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल से लाख लोगों की आबादी को लाभ मिलेगा

## सीएम केजीवाल-मान ने शुरू किया 'स्वस्थ मिशन पंजाब'

**टीम एक्शन इंडिया/पटियाला**

**पंजाब में** स्वास्थ्य क्रांति के नये दौर की शुरूआत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने सोमवार को पटियाला में सरकारी क्षेत्र का अपनी किस्म का पहला माता कौशल्या अस्पताल लोगों को समर्पित किया। इसके अलावा मुख्यमंत्री मान ने 550 करोड़ की लागत वाला स्वस्थ मिशन पंजाब शुरू किया। अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस अस्पताल से ऐतिहासिक शहर पटियाला और इसके आसपास की लगभग 20 लाख लोगों की आबादी को लाभ मिलेगा। इस अस्पताल में 300 बेड हैं और अब इसमें 66 बेडों का विस्तार किया जा रहा है। अस्पताल को 13.80 करोड़ रुपये की लागत से अपग्रेड किया गया है। अब यहां आईसीयू, एनआईसीयू और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री मान ने कहा कि पंजाब ने स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में एक नयी क्रांति की शुरूआत की है। उन्होंने ऐलान किया कि लोगों की कीमती जानें बचाने के लिए एक साल के अंदर राज्य भर के सभी अस्पतालों में एमरजेंसी सेवाएं चालू कर दीं जाएंगी। भगवंत सिंह मान ने यह भी कहा कि राज्य सरकार दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों के गंभीर मरीजों के लिए अति उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए इलेक्ट्रानिक इंटैंसिव केयर यूनिट (ईआईसीयू) व्यवस्था शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी क्लीनिक राज्य में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सुधारने के लिए मील के पत्थर के तौर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन क्लीनिकों में अब तक 59 लाख से अधिक मरीज लाभ उठा चुके हैं।



**स्वास्थ्य पर बल**

**8 केजरीवाल व भगवंत मान ने पटियाला में माता कौशल्या अस्पताल लोगों को किया समर्पित**

## तीन आईएसआई आतंकी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस ने एनआईए की लिस्ट में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया दिल्ली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। स्पेशल सेल ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की लिस्ट में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया है। एनआईए ने इस आतंकवादी के ऊपर तीन लाख रुपये का इनाम रखा था। आतंकी से पूछताछ के बाद हिरासत में लिया गया है। ताजा जानकारी के मुताबित, पुलिस ने दो और आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है।

**पुलिस की कस्टडी से भाग गया था शाहनवाजः** मिली जानकारी के मुताबिक, पुणे आईएसआईएस केस में वांटेड था। पेशे से इंजीनियर शाहनवाज दिल्ली का रहने वाला है। पुणे पुलिस कस्टडी से फरार होकर दिल्ली में ठिकाना बनाकर रह रहा था। फिलहाल, पुलिस अभी पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एनआईए के मोस्ट वॉन्टेड आतंकवादी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया है। इस आतकंवादी के ऊपर एनआईए ने तीन लाख रुपये का इनाम रखा था। वह पुणे आईएसआईएस मामले में फरार था। पेशे से इंजीनियर है। जो दिल्ली में रहता है। शाहनवाज पुणे पुलिस की कस्टडी में भाग गया था और दिल्ली में रह रहा था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने कुछ अन्य लोगों को भी हिरासत में लिया है। फिलहाल, मामले की जांच चल रही है।



**गिरफ्तार**

**8 एनआईए की लिस्ट में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा को गिरफ्तार किया**

# 'शैक्षणिक भ्रमण के दौरान दर्शनीय स्थलों का अवलोकन करें'




**रवाना**

**8 थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने अमृतसर, अटारी बॉर्डर, कपूरथला साइंस सिटी के शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र जिले के कक्षा 11वीं विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को थानेसर विधायक सुभाष सुधा तथा जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने अमृतसर, अटारी बॉर्डर, कपूरथला साइंस सिटी के शैक्षणिक भ्रमण के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विधायक सुभाष सुधा ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी दूरदर्शी सोच के कारण आज राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भी शैक्षणिक भ्रमण के लिए स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, अटारी बॉर्डर तथा पुष्पा गुजराल साइंस सिटी का भ्रमण कर रहे हैं तथा ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिक तथ्यों से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी दर्शनीय स्थलों के अवलोकन करने के पश्चात अपने अपने अनुभवों को शिक्षा विभाग के साथ जरूर सांझा करें ताकि विद्यार्थियों के अनुभवों को मुख्यमंत्री महोदय के समक्ष रखा जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने बताया कि कुरुक्षेत्र से 100 विद्यार्थी तथा 10 विज्ञान प्राध्यापक जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक के नेतृत्व में पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना हुए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा ने विधायक सुभाष सुधा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि व्यस्तता के बाबजूद वे विद्यार्थियों को आशीर्वाद देने पहुंचे। विधायक सुधा ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। विधायक सुभाष सुधा ने छात्राओं से आह्वान किया कि जीवन में खूब मेहनत करें तथा अपने लक्ष्य का निर्धारण करके लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करें।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों में व्यावहारिकता आती है तथा वे व्यवहारिक अनुभव से ज्ञान प्राप्त करते हैं। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि विद्यार्थी कुरुक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केंद्र, श्रीकृष्ण म्यूजियम, ज्योतिसर तीर्थ, ब्रह्मसरोवर, शेख चिल्ली का मकबरा, धरोहर इत्यादि स्थलों का भी अवलोकन करेंगे।इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी रोहतास वर्मा, कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ तरसेम कौशिक, डॉ सचिंदर कोरा, राधे श्याम शर्मा, बंसीलाल, विजेंद्र शर्मा, डॉ सविता, पूनम राणा, सुभाष चंद, देवेंद्र, ब्रह्म प्रकाश, सोनिया, श्वेता, रमाकांत भारद्वाज, इत्यादि तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सत्य, अहिंसा को समर्पित करने का दिन है गांधी जयंती: सुरेंद्र पंवार



**पुष्पांजलि**

**8 विधायक सुरेंद्र ने महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया नमन**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा की राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती का दिन हम सबके लिए सत्य, अहिंसा, सौहार्द, नैतिकता और सादगी के आदर्शों के प्रति स्वयं को समर्पित करने का है। उनकी शिक्षाएं पूरी मानवता के लिए आज भी प्रासंगिक है। वह सदैव हमारे पथ-प्रदर्शक रहेंगे। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कांग्रेसजनों व शहरवासियों के साथ महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर महात्मा गांधी चौक पर पहुंचकर दोनों महापुरूषों के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि महात्मा गांधी की स्वतंत्रता, गरिमा और समानता के सिद्धांत समय सीमा तक सीमित नहीं हैं। उनके पास सार्वभौमिक व्यवहारिकता और कालातीत मूल्य थे। सत्य-अहिंसा के सिद्धांतों और राष्ट्र की स्वतंत्रता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता, शौर्य और अन्याय की मुखालफत करने की साहस ने उन्हें दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ नेता बना दिया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जो सपने थे हमें उन्हें एकजुट होकर साकार करना होगा ताकि हम एक बुद्धिजीवी समाज का निर्माण कर सकें। इसके साथ ही महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलकर युवाओं को अपनी उर्जा को सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए, ताकि समाज का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र छिक्कारा, त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी, युवा जिलाध्यक्ष ललित पंवार, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद बिजेंद्र मलिक, पार्षद नीतू दहिया, वीरेंद्र दूहन, भलेराम जांगड़ा, हरेंद्र राठी, सुरेंद्र भारती, प्रेम अत्री एडवोकेट, बिजेंद्र आंतिल, जसपाल आंतिल, मनोज रिढाऊ, प्रेम नारायण गुप्ता, सरदार मोहन सिंह मनोचा, सरदार इंद्रपाल, राजेश मिड्डा, राजन खुराना, राजकुमार कटारिया, दयानंद बाल्मीकि, सतपाल चौहान, कमल हसीजा, राजेश चौधरी, प्रो. बंसी कूंडु, शीला आंतिल, रणदीप दहिया, प्रशांत शर्मा एडवोकेट, कृष्ण मलिक एडवोकेट, गौरव सैनी एडवोकेट, कंवर खत्री, सुरेश भारद्वाज, बिन्नी भारद्वाज, डॉ राकेश नरवाल, सियाराम आंतिल, जोगेंद्र दहिया, सतीश कौशिक,कुलबीर सरोहा,सुनील आंतिल,राहुल आंतिल,बिजेंद्र गोखी, पवन गर्ग,नरेंद्र गोयल, दिनेश हुडा,संजीत आंतिल,सौरभ सचदेवा,भारतभूषण, रणदीप खोखर, हरिप्रकाश मंडल, रीना मलिक,रेखा राना,पूनम राठी,नीतू दहिया, शलोचना रुद्रा,नरेश अरोड़ा,हरेंद्र सैनी,अनुज जैन, अशोक अरोड़ा,प्रेम हसनपुर,देवेंद्र बुरा,भूपेंद्र राठी,भानु प्रधान,विजय दहिया, निखिल शर्मा, महावीर, वेदपाल, राजेंद्र, महेंद्र, शशिकांत कौशिक, ऋतूराज, अनमोल राणा, रेखा राणा, राजेश दहिया, सत्यनारायण सरोहा, कृष्णा, शैम्पू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# ग्रीनफील्ड के छात्रों ने किया स्वच्छता के लिए जागरूक

**स्वच्छता**

**8 जब तक स्वच्छता जन-जन का आंदोलन नहीं बनेगा, तब तक न तो पूर्ण स्वच्छता का सपना साकार होगा**




**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्वच्छता रैली निकाली गई जिसे स्कूल प्रबंधक शिल्पी गुप्ता और स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुमिता ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शिल्पी गुप्ता ने कहा कि महात्मा गांधी का व्यक्तित्व आदर्शवाद की दृष्टि से श्रेष्ठ था। सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाने वाले महात्मा गांधी व भारत की आजादी में उनके महान योगदान को हमेशा याद रखना चाहिए। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुमिता ठाकुर ने बताया कि रैली में लगभग डेढ़ सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों के साथ स्कूल अध्यापकों ने भी रैली में हिस्सेदारी की उन्होंने कुरुक्षेत्र के सेक्टर 7 और 5 की मार्केट और सड़कों पर स्वच्छ हो, सुंदर हो, ऐसा भारत देश हो, लोकल फोर वोकल, करो ऐसा व्यवहार, लोकल का हो व्यापार, मेक इन इंडिया और स्वदेशी अपनाओ के नारों से शहर के लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया। सेक्टर 5 और सेक्टर 7 की मार्केट में दुकानदारों द्वारा ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल की तरफ से निकली गई रैली की सराहना की और अपने शब्दों में स्वच्छता को अपनाने का संदेश विद्यार्थियों को दिया। रैली में शामिल होने पर बच्चों में भी उत्साह दिखाई दिया और वह बड़े चाव से नारे लगाते हुए सड़कों पर चल रहे थे।

प्रबंधक शिल्पी गुप्ता ने रैली का लौटने पर स्वागत किया और कहा की स्वच्छता के बिना देश पूर्ण रूप से विकसित नहीं हो सकता हमें अपने देश के विकास के लिए लोकल को अपनाना होगा विद्यार्थी देश के भविष्य के कर्णधार होते हैं और देश को स्वच्छ रखने उसे विकसित करने में अपना रचनात्मक सहयोग कर सकते हैं। जब तक स्वच्छता जन-जन का आंदोलन नहीं बनेगा, तब तक न तो पूर्ण स्वच्छता का सपना साकार हो सकता है और ना ही देश तरक्की कर सकता है क्योंकि बीमार जनता तरक्की में अपना पूर्ण योगदान कभी नहीं दे सकती। स्वच्छ वातावरण स्वच्छ वायु और स्वच्छता हमारी उन्नति का आधार बनते हैं।

# सिटीजन पार्क में पौधारोपण कर देखरेख का लिया संकल्प



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर ।** गनौर सिटी जन पार्क में फाउंडेशन के द्वारा चलाया पौधा रोपण अभियान चलाया गया । जिसमें शहर के गणमान्य लोगों ने फाउंडेशन के पदाधिकारी के साथ को पौधारोपण करके उनकी देखरेख का संकल्प लिया। फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र ने बताया की मुहिम में फलदार, छायादार , बेलगरी , आंवला के 15 पौधे लगाएं । सुभाष राठी ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सभी मिलकर इस मुहिम को एक जनांदोलन बनाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके । पेड़ो के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है। पृथ्वी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है ।

# महात्मा गांधी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए किसान राजघाट पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** सोमवार की सुबह बापू की जयंती के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के पदाधिकारी किसान नेता जय भगवान मालिक के नेतृत्व में महात्मा गांधी की जयंती पर दिल्ली के राजघाट समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि देने के लिए पहुंचे । साथ ही उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गन्नौर में उनकी फोटो पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस पर्व संबोधित करते हुए जय भगवान मालिक ने कहा कि अहिंसा लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में पूरी दुनिया इसे देख चुकी है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नमन कर रहा है। बापू ने पूरी दुनिया को सत्य व अहिंसा का मार्ग दिखाकर यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करते हुए दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत को झुकाया जा सकता है। महात्मा गांधी ने स्वदेशी, सत्य व अहिंसा का पालन करते हुए उन अंग्रेजों को देश छोड़ने को मजबूर कर दिया, जिनके बारे में कहा जाता था कि उनके राज्य में सूर्य अस्त नहीं होता।

# प्रदीप बड़वासनी दूसरी बार युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बने

**टीम एक्शन इंडिया/गोहाना (भंवर सिंह)**
जननायक जनता पार्टी (जजपा) ने अपनी युवाई इकाई का विस्तार किया है। जिसमें प्रदीप बडवासनी को युवा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदीप गांव बडवासनी के रहने वाले हैं। पार्टी के प्रति किए कए कार्यों और पार्टी के प्रति निष्टा को देखते हुए प्रदीप को यह जिम्मेदारी दूसरी बार दी गई है। प्रदीप इससे पहले युवा इकाई के दो बार हल्का अध्यक्ष भी रह चुके हैं। प्रदीप बडवासनी को जिम्मेदारी दिए जाने पर पार्टी संस्थापक डा. अजय सिंह चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान



का आभार व्यक्ति किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, वह निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। पार्टी की नितियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने स्वच्छता के लिए किया श्रमदान

**श्रद्धांजलि**

**8 एक घण्टे का श्रमदान दिया गया टाफ सदस्यों ने सफाई करके बापू को श्रमदान रूपी श्रद्धांजलि अर्पित की**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुज्य बापू गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा जारी अपील "स्वच्छता के लिए श्रमदान" के अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा करनाल क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख बलजीत सिंह के नेतृत्व में अम्बाला कोर्ट रोड पर बैंक के कर्मचारियों द्वारा एक घण्टे का श्रमदान दिया गया जिसके दौरान स्टाफ सदस्यों ने रोड की सफाई करके बापू गांधी को श्रमदान रूपी श्रद्धांजलि अर्पित की। क्षेत्रीय प्रमुख ने समस्त स्टाफ सदस्यों से अपील करी कि हमें दैनिक स्तर पर सफाई से जुड़े रहना है। स्वच्छता हमारे जीवन का मूलभूत आधार है। महोदय ने कहा कि देश का प्रत्येक व्यक्ति स्वच्छ रहेगा तो देश अपने आप स्वच्छ हो जाएगा। अंत में क्षेत्रीय प्रमुख ने अपील करी की आओ मिलकर हाथ बढ़ाए और देश को स्वच्छ बनाएं।

इस उपलक्ष्य में बैंक ऑफ बड़ौदा की 7 शाखाओं क्रमशः कोर्ट रोड अम्बाला, प्रेम नगर अम्बाला, राई मार्केट अम्बाला, पंजाबी मोहल्ला अम्बाला, साहा तथा खोजकीपुर के स्टाफ सदस्यों और शाखाओं के शाखा प्रमुख श्री अंकुश कालिया, दिव्या तथा राहुल दारा ने सहभागिता की।

# हम सब ने मिलकर ठाना है स्वच्छ भारत बनाना है: तनु



**अभियान**

**8 स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत दो बहनों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अंबाला के बराड़ा में एसएमएस स्कूल की छात्रा तनु और पीएससी जैन स्कूल की छात्रा हिमानी द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया दोनों बहनों ने सफाई करते हुए लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया और कहा कि स्वच्छता के प्रति हमें जागरूक रहने की बेहद आवश्यकता है। तनु सभरवाल ने कहा कि

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर शुरू किया गया हैं। उन्होनें कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 15 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2023 तक आयोजित किया जा रहा हैं। उन्होनें कहा कि इस अभियान में आमजन की जनभागीदारी से यह अभियान सफल रहा हैं। उन्होनें कहा कि हमे अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ बनाए रखने के लिए प्रतिदिन या जब भी समय मिलें तो श्रमदान अवश्य करें, जिससे कि स्वच्छता कायम रह पाएं।

महात्मा गांधी की 154वीं जयंती से पहले आज देशभर में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान किया जा रहा है। मंत्री, नेता सहित आम लोग सुबह से ही स्वच्छता अभियान में भाग लेने के लिए बढ़-चढ़कर आगे आ रहे।

उन्होनें बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने आह्वान किया था कि अभियान में भाग लेकर एक घंटे श्रमदान करें। उन्होंने कहा था कि स्वच्छ भारत साझी जिम्मेदारी है। इसलिए स्वच्छ भविष्य की शुरूआत के लिए उत्कृष्ट प्रयास में शामिल हों।

# गांधी एवं शास्त्री जयंती पर मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान कर किया नमन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर मंडल के प्रधान प्रोफेसर राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में गीता धाम के पावन प्रांगण में मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। नगर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी डॉ राजीव अत्री मुख्य अतिथि के रूप में पधारे। गांधी जी एवं शास्त्री जी को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्होंने मेधावी छात्र लक्ष्य,पुनीत, नैंसी, समीक्षा, नसीब एवं प्रिंस आदि को प्रोत्साहन राशि देकर



सम्मानित किया। डॉ अत्रि ने कहा की गांधी जी एवं शास्त्री जी का चिंतन था कि शिक्षा के माध्यम से ही देश को गरीबी से बाहर निकाला जा सकता है। समाजसेवी सूरजकमल सेठ विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भी मानव मित्र मंडल के कार्यों की सराहना की। मंडल के

**प्रयास**

**8 ऐसे विद्यार्थी जिनके माता-पिता किसी कारणवश नहीं रहे उनको पुस्तकीय सहायता, विद्यालय शुल्क, गणवेश आदि उपलब्ध कराने का प्रयास किया**

संयोजक भारतेंदु हरीश ने कहा कि मानव मित्र मंडल पिछले 15 वर्षों से शिक्षा के प्रति समर्पित है ऐसे विद्यार्थी जिनके माता-पिता किसी कारणवश नहीं रहे उनको पुस्तकीय सहायता, विद्यालय शुल्क,गणवेश आदि उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है ताकि उन बच्चों में किसी प्रकार की हीन भावना पैदा ना हो। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी एम एल शर्मा, वीरभान शर्मा, डॉ अरुण धीमान, भारतेंदु हरीश ,निकुंज, अर्चना उर्मिल आदि उपस्थित रहे।

# ब्राह्मणान के रितेश शर्मा बने जेजेपी के युवा प्रदेश महासचिव

**एक्शन इंडिया/ गोहाना (भंवर सिंह)**
**जननायक** जनता पार्टी (जजपा) ने अपनी युवाई इकाई का विस्तार किया है। जिसमें रितेश शर्मा को युवा प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। रितेश श्र्मा गांव बली ब्राह्मणान के रहने वाले हैं। पार्टी के प्रति किए कए कार्यों और पार्टी के प्रति निष्टा को देखते हुए रितेश शर्मा को यह जिम्मेदारी दी गई है। रितेश शर्मा उर्फ मोनू इससे पहले युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व युवा प्रदेश सचिव व युवा जिला प्रभारी कुरूक्षेत्र , युवा जिला प्रभारी झज्जर आदि पदों पर रह चुके हैं। रितेश शर्मा ने पार्टी संस्थापक डा. अजय सिंह



चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, दिग्विजय चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान का आभार व्यक्ति किया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, वह निष्ठा पूर्वक निभाएंगे। पार्टी की नितियों को घर-घर तक पहुंचाएंगे।

# राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के अहिंसा, शांति और सद्भाव के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक: मेयर निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :** सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने विभिन्न जगह पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लेकर महात्मा गाँधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया एवं अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। शहर के 8 मरला स्तिथ लाल बहादुर शास्त्री पार्क में 8 मरला रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मेयर निखिल मदान पहुंचे और शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्होंने शास्त्री जी को याद किया। मेयर निखिल मदान ने कहा की शास्त्री जी ने 'जय जवान, जय किसान' का कालजयी



नारा देकर देशवासियों में राष्ट्र प्रेम की भावना जगाई थी और उनका पूरा जीवन सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल है। 'भारत रत्न' लाल बहादुर शास्त्री ने अपने मजबूत नेतृत्व से देश को 1965 के भारत पाकिस्तान युद्ध में भी जीत दिलाई। आज वो उनको नमन करते है और उन्हें पूरा भरोसा है की शास्त्री जी का आदर्श व्यक्तित्व सदैव देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। मेयर निखिल मदान ने कहा कि आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की भी जयंती है। सत्य,अहिंसा, शांति व सद्भाव का संदेश देने वाले,भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पुरोधा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जीवन दर्शन और उनके विचार आज भी पूर्ण रूप से प्रासंगिक है। देश को आजादी दिलाने के लिए महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया जिसके लिए समूचा राष्ट्र उनका सदैव ऋणी रहेगा। इस दौरान शास्त्री पार्क में निगम

**पुष्पांजलि**

**8 पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन समूचे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्त्रोत : निखिल मदान**

पार्षद लक्ष्मी नारायण तनेजा, पारस हसीजा, पूर्व पार्षद मंजीत सिंह, अनमोल हसीजा,ललित तलवार,मनोज सचदेवा,रजनीश कुमार,राजकुमार,अंकित तेजपाल,श्याम लाल बत्रा,सुरेंद्र मदान, सन्नी,हरनारायण नासा,सुरेंद्र हसीजा, किशन,राजू,सचिन, आदि लोग मौजूद रहे।

# योग का नया जॉब मार्केट हो रहा तैयार: सीएम

## जीरो कीमत पर स्वास्थ्य अच्छा रखने का सरल तरीका योग, योग मानस पोर्टल व मोबाइल एप्लीकेशन शुरू, दूसरे चरण में एक हजार और व्यायामशालाओं पर कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा: मनोहर लाल

**लक्ष्य निर्धारित**

**8 प्रदेशभर में योगशालाएं स्थापित करने और 1000 आयुष सहायकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा गया है**





**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ/ दीपिका शर्मा**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि सरकार ने योग को नागरिकों की दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प किया है। इसीलिए प्रदेशभर में योगशालाएं स्थापित करने और 1000 आयुष सहायकों की नियुक्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से 882 आयुष योग सहायकों ने विभिन्न योगशालाओं में कार्यभार ग्रहण कर लिया है व शेष आयुष योग सहायकों की भर्ती का कार्य हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से प्रगति पर है। इसके दूसरे चरण में एक हजार और व्यायामशालाओं पर कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा। मुख्यमंत्री आज पंचकूला में आयोजित योग एवं आयुष सहायक प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर जिले में कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए गए जो हर माह की 21 तारीख को गांव के योग सहायकों से रिपोर्ट लेकर मुख्यालय को भेजेंगे। इसके अलावा दूसरे चरण में सभी जिलों में विशेष योग कोच लगाए जाएंगे जो योग सहायकों को समय समय पर प्रशिक्षण देने का भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यायामशालाओं में बायोमीट्रिक मशीन उपलब्ध करवाई जाएगी जिसमें योग साधकों की भी हाजिरी लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर साल योग सहायकों की ग्रेडिंग का कार्य किया जाएगा जिसमें हर जिले में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले योग सहायकों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएगें। मुख्यमंत्री ने राज्य के 6500 गांवों में व्यायामशालाएं खोलने और इनकी जिम्मेदारी योग सहायकों को सौंपने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि योग सहायकों का नजदीक स्थानांतरण करने पर विचार किया किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में व्यायामशालाएं हैं उनमें गांव में आबादी अनुसार वेलनेस सेंटर खोले जाएंगे जिनमें योग को बढ़ावा देने और लोगों को आहार व्यवहार आदि दिनचर्या के बारे में अवगत करवाया जाएगा। इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा मुक्त हरियाणा के लिए साइक्लोथॉन कार्यक्रम चलाया गया जिसमें एक लाख 60 हजार युवाओं ने साइकिल चलाकर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। इससे लोगों में जागृति आई हैं उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों का आह्वान किया है कि वे योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर एक स्वच्छ स्वस्थ और समृद्ध भारत का निर्माण करने में अपना भरपूर योगदान दें। उन्होंने कहा कि योग करेगा इंडिया तभी तो निरोग रहेगा इंडिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे देश में उत्सव का माहौल है। मानवता के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में मना रहा है। आज ही देश को जय जवान.जय किसान का प्रेरणादायी नारा देने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 120वीं जयंती भी है। उन्होंने इस पावन अवसर की सबको हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पावन दिन पर योग को बढावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश में योग को लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बनाने के उद्देश्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को पूरे संसार में पहचान मिली है। उनके प्रयासों से विश्व भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की महासभा में अपने पहले भाषण में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की जोरदार पैरवी की थी। उन्होंने कहा था.योग हमारी प्राचीन परम्परा का अमूल्य उपहार है। योग मन और शरीरए विचार और कार्य तथा अवरोध और सिद्धि को साकार रूप प्रदान करता है। योग व्यक्ति और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाता है। यह केवल व्यायाम नहींए बल्कि यह प्रकृति और मनुष्य के बीच की कड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग को घर.घर पहुंचाने की जिम्मेदारी योग सहायकों की है। लेकिन यह घर.घर तभी पहुंचेगा जब हम लोगों को इसके लाभ समझाने में सफल होंगे। इसका सबसे महत्वपूर्ण लाभ यह है कि जीरो कीमत पर स्वास्थ्य अच्छा रखने का अगर कोई सरल तरीका है तो केवल मात्र योग ही है। योग जीवन जीने विचारों और कार्यों में संतुलन बनाने का एक अनूठा तरीका है। यह सभी प्राचीन परंपराओं की तरह जीवंत और गतिशील है। योग मन व बुद्धि को शरीर से जोड़ता है। योग सहायकों के सफल प्रयासों से आमजन योग में मास्टर और अभ्यासु अवश्य बन सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग टीचर की हर दिन मांग बढ़ रही है। योग का नया जॉब मार्केट तैयार हो रहा है और अनेक योग प्रशिक्षक प्रतिदिन प्रातःकाल की वेला में योग कक्षाएं लगा रहे हैं। लेकिन इनका प्रचलन शहरों तक सीमित है इसलिए हमने गांवों में योगशालाएं खोलने और सहायक नियुक्ति करने का निर्णय लिया। अब ग्रामीण भारत में योग के प्रसार की जिम्मेदारी योग सहायकों के कंधों पर है। इस नियुक्ति को नौकरी न मानते हुए एक मिशन समझेंगे तो इस काम में जल्द सफलता प्राप्त करेंगे।

**योग मानस पोर्टल व मोबाइल एप्लीकेशन शुरू:** मुख्यमंत्री ने कहा कि योगशालाओं में होने वाली योग गतिविधियों की निगरानी के लिए योग मानस पोर्टल व मोबाइल एप्लीकेशन शुरू किया है। इस पर प्रतिदिन के कार्यों की रिपोर्ट डाल सकते हैं। पोर्टल पर निजी संगठन एवं गैर सरकारी योग संस्थाओं के पंजीकरण के लिए भी योजना बनाई जा रही है ताकि उनके द्वारा की जाने वाली योग गतिविधियों की दैनिक आधार पर निगरानी की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आम आदमी की यह अवधारणा थीए कि योग साधु.संतों एवं योगियों के लिए है और इसे आश्रमोंए जंगलों और गुफाओं में रहकर ही किया जा सकता है।

### प्रदेश में योग एवं आयुर्वेद का प्रसार

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि योग के महत्व को देखते हुए हरियाणा में नई पीढ़ी को योग प्रशिक्षण व योग साधना के लिए प्रेरित किया है। प्रदेश के स्कूलों कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भी योग सिखाया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2022.23 से कक्षा पहली से 10वीं कक्षा तक योग शिक्षा को अनिवार्य विषय के रूप में शामिल किया गया है। इसके साथ ही योग को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा योग आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि योग एवं आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए कुरुक्षेत्र में श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। इसके अलावा पंचकूला में राष्ट्रीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान की स्थापना की जा रही है। झज्जर जिला के गांव देवरखाना में पोस्ट ग्रेजुएट योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान की स्थापना गई है।

### गांवों में योग एव व्यायामशालाए तथा आयुष विंग खोलने का निर्णय

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि सरकार योग को बढ़ावा देने के लिए राज्य के 6500 गांवों में व्यायामशालाएं खोलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके लिए 1121 जगहों को चिह्नित किया गया है। इनमें से 718 व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है व 273 योग एवं व्यायामशालाओं का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रदेश में जिला स्तर पर आयुष विंग स्थापित किये गए हैं जिनमें योग विशेषज्ञों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सभी आयुर्वेदिक औषधालयों को आयुष हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया है। अब तक 386 आयुर्वेदिक औषधालयों को आयुष हेल्थ एण्ड वैलनेस सेंटर में अपग्रेड कर दिया गया है । इन आयुष हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर मे योग इंस्ट्रक्टर की नियुक्ति की जाएगी जो आमजन को योग से जीवन शैली में सुधार और बीमारियों से बचने के तौर तरीकों की जानकारी देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेशवासियों को योग के साथ.साथ प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के महत्व से भी अवगत करवाने का काम किया है। प्रदेश में सामाजिक समरसता कायम करने और संत.महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेने के उद्देश्य से उनकी जयंतियां राज्य स्तर पर मनाई जाती है उसी प्रकार भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता को देखते हुए इन पद्धतियों के लिए भी विशेष दिवस निर्धारित किए हैं।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं महानिदेशक सूचना लोक सम्पर्क भाषा तथा संस्कृति विभाग के महानिदेशक डॉ अमित अग्रवाल आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ साकेत कुमार हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य उपायुक्त सुशील सारवान अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खंगवाल पंचकूला के मेयर कुलभूषण गोयल कुलपति श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय करतार सिंह धीमान शिवालिक विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश देवी नगर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय शर्मा पूर्व विधायक लतिका शर्मा अन्य अधिकारीगण एवं योग साधक उपस्थित रहे।

# ओल्ड पुलिस लाइन में विदाई समारोह का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** पुलिस के तत्वाधान में अपने तीन सब इंस्पेक्टर तथा एक हवलदार की सेवानिवृत्ति पर उनके सम्मान में एक विदाई समारोह ओल्ड पुलिस लाईन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक पुलिस आयुक्त अरुण कुमार तथा विशिष्ट अतिथि एसीपी सुमन मंडोलिया एवं एसीपी रमेश कुमार रहे। इंस्पेक्टर रमेश भारद्वाज ने कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए रिटायर होने वाले सदस्यों जिनमें कमलेश कुमारी, सब इंस्पेक्टर, मुशरत अंजुम, सब इंस्पेक्टर, हवलदार इंद्रेश देवी तथा सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह आदि के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों की प्रशंसा करते हुए बताया कि इन चारों माननीय की सेवाएं का बेहतरीन कार्यकाल 36 से 39 साल का निर्बाध और बेदाग रहा।इन सभी को पुलिस पदक से सम्मानित कर विदाई देते हुए एसीपी सुमन मंडोलिया ने उनके उज्जवल भविष्य एवं दीघार्यु जीवन की कामनाएं की।

इस अवसर पर नागरिक अधिकार आंदोलन के अध्यक्ष राजव्रत आर्य ने सभी का स्वागत करते हुए पुलिस विभाग से इनके इतने लंबे कार्यकाल की सेवा में निसंदेह अच्छा सहयोग मिला जिससे ये सभी निष्ठापूर्वक अपनी सेवा पूरी कर पाए।

पुलिस विभाग के हम इसके लिए आभारी हैं। अपने वक्तव्य में आर्य ने कहा कि जहां तक इस विभाग में प्रशासन की बेरुखी प्रोन्नति के रास्ते लंबे समय ठप्प थे उनको खुलवाने में पूर्व पुलिस आयुक्त आलोक वर्मा का विशेष योगदान रहा। जिन्होंने हजारों कर्मियों की प्रमोशन करायी तथा एक अन्य पूर्व कमिश्नर राकेश अस्थाना ने भी पुलिस कर्मियों के प्रमोशन की कडी को आगे बढ़ाया, जो अभी तक जारी है। उनके इस महान कार्य को निसंदेह भुलाया नहीं जा सकता।

श्री आर्य ने रिटायर होने वाले सदस्यों में कमलेश कुमारी का जीवन परिचय देते हुए अखबार को बताया कि उनके पति स्वर्गीय ओमप्रकाश, इंस्पेक्टर 1986 में हार्ट अटैक से गुजर गए थे। जुलाई,1987 में इन्हें अनुकंपा के आधार पर कांस्टेबल की नौकरी मिली और उसके बाद सीढ़ियाँ चढ़ते-चढ़ते आज यह सब इंस्पेक्टर के पद से सम्मान रिटायर हो रही है। इस दौरान कोरोना काल, किसान आंदोलन और जी-20 जैसे अंतराष्ट्रीय समारोह के समय मुस्तैदी से कठिन डयूटियां भी निभाई और किसी भी तरह की कोई शिकायत इन्होंने नहीं होने दी। हम इन सब का हार्दिक धन्यवाद करते हुए उनके भविष्य की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं करते हैं कि यह दीघार्यु हो और इनका आगे का जीवन दूसरी पारी का स्वस्थ हो। इनके आवास रोहिणी में स्वागत करने वालो में इनेलो जींद से जय प्रकाश दहिया, भगवती दहिया, सुखवीर सिंह, पूर्व जूनियर इंजीनियर, जिज्ञासु आर्य, इंजीनियर, जितेंद्र, इंजीनियर पूनम आर्य शिक्षिका, धर्मवीर यादव वरिष्ठ शिक्षक, चौधरी धर्म सिंह हवलदार, वरिष्ठ कंपनी मैनेजर सत प्रकाश, रविंद्र आदि असंख्य लोगों ने घर पर अनेकानेक गिफ्ट देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में आयोजन कर्ताओं इंस्पेक्टर राजेश शुक्ला एवं इंस्पेक्टर रमेश भारद्वाज ने इस विदाई समारोह में शामिल होने के लिए सभी कि तहेदिल से शुक्रिया अदाकर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# छात्रा ने की आत्महत्या, मौत से पहले बोली...पढ़ना चाहती थी

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**

**पलवल में** 12वीं कक्षा की एक नाबालिग छात्रा ने अपने सहपाठी से परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मौत से पहले दिए गए बयान में छात्रा ने आरोपी छात्र पर परेशान करने का आरोप लगाया और कहा कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन आरोपी छात्र उसे परेशान करता है। जिसके कारण वह पढ़ाई नहीं कर पा रही है। उसकी वजह से यह कदम उठाया। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर आरोपी छात्र के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया है।

# त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र: सत्संग और सेवा प्रभु की प्राप्ति के दो साधन: बलराम चावला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सत्संग** ओर सेवा प्रभु प्राप्ति के दो साधन है। सेवा ही सच्चा धर्म है। निष्काम साधना ही प्रभु की सच्ची पूजा है। वहीं मैत्री एजूकेशन एवं वेल्फेयर सोसाइटी के उपाध्यक्ष व सोशल एक्टीविस्ट बलराम चावला कहते हैं कि जब आप दूसरों के हित और कल्याण का सोचते है तो धर्म कमाते हैं।

**दूसरों के प्रति बने परोपकार:** इसलिए इंसान को अपने जीवन में दूसरों के प्रति परोपकार की भावना रखनी चाहिए ताकि हमारे भीतर पैदा हुआ अहंकार खत्म हो सके और हम अपने प्रति जागरूक हो सकें। क्योंकि महापुरुष ही हमें हमारा मूल बताकर उससे जुड़ने की युक्ति बताते हैं और उनके बताए रास्ते पर चलकर हम अपने मूल के साथ मिल सकते हैं। जिस मनुष्य के दिल में दूसरों की सेवा का ध्यान व दर्द नहीं होता। वह मनुष्य प्रभु का प्रिय कभी नहीं बन सकता।



**विचार...**

**8 इंसान को अपने जीवन में दूसरों के प्रति परोपकार की भावना रखनी चाहिए ताकि हमारे भीतर पैदा हुआ अहंकार खत्म हो सके: बलराम चावला**

# 'बीरेंद्र सिंह व हुड्डा अगर मिलेंगे तो हरियाणा फतह निश्चित'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/जींद**

ंजाब से आए पूर्व सांसद जगमीत बराड़ ने कहा कि बीरेंद्र सिंह और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा अगर मिल जाएं तो हरियाणा फतह हो जाएगा। हरियाणा प्रदेश की 90 में से 80 सीटें जीत सकते हैं। आज देश को बीरेंद्र सिंह की जरूरत है। उन्होंने मंच से राहुल गांधी से अपील की कि अगर देश में वातावरण बदल जाए तो स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू कर दें, देश के किसानों को श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि बीरेंद्र सिंह और वह साल 2009 के आसपास कांग्रेस की वर्किंग कमेटी के सदस्य थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान को कहा था कि अगर सरकार बनानी है तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू कर दें। कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत होगी, लेकिन उनकी बात को अनसुना कर दिया गया। उन्हें कांग्रेस की वर्किंग कमेटी से भी बाहर कर दिया गया था, जबकि उन्होंने किसी तरह से नियमों का उल्लंघन नहीं किया था। आज फिर वह बता देना चाहते हैं कि बीरेंद्र सिंह किसानों के सच्चे हितैषी हैं। उन्होंने कहा कि हमारा डीएनए एक है। धर्म के नाम पर हमारी मिट्टी हमें विभाजित नहीं करती है। हम सब एक हैं और किसान हित ही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। वहीं कृषि अर्थशास्त्री देवेंद्र शर्मा ने कहा कि बीरेंद्र सिंह बदलाव लेकर आएंगे। हिसार में एक किसान की इंस्टालमेंट लेट हो गई तो उसे जेल हो गई, जबकि अमीर लोगों के पांच हजार करोड़ रुपये माफ कर दिए गए। कोई सवाल तक नहीं किया गया। देश में 16 हजार ऐसे अमीर लोग हैं जिनके पास पैसा है, लेकिन वो देना नहीं चाहते। किसानों को जागरूक होना होगा। आपके हाथ में वोट है। अगर चाय वाला प्रधानमंत्री बन सकता है तो फिर ट्रैक्टर वाला यानि किसान भी प्रधानमंत्री बन सकता है। एक सर्वे के अनुसार पिछले 16 सालों में किसानों को 43 लाख करोड़ का नुकसान हुआ लेकिन किसी सरकार ने कुछ नहीं किया। अब समय आ गया है कि किसान जागरूक हों। किसान आंदोलन में सक्रिय रही पंजाब से सोनिया मान ने कहा कि किसान आंदोलन वापस लेते समय सरकार ने वायदा किया था।

**दावा**

**8 हरियाणा प्रदेश की 90 में से 80 सीटें जीत सकते हैं। आज देश को बीरेंद्र सिंह की जरूरत है। उन्होंने मंच से राहुल गांधी से अपील की कि अगर देश में वातावरण बदल जाए तो स्वामीनाथन रिपोर्ट लागू कर दें**

# धीरपुर क्षेत्र में गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के धीरपुर व निरंकारी कॉलोनी क्षेत्र में गन्तव्य संस्थान, भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ, सर्वधर्म वेलफेयर सोसायटी, अखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद एवं रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का कार्यक्रम प्रारंभ किया गया।

इस अवसर पर बच्चों के साथ-साथ बड़ों ने भी इलाके में सफाई की और गांधी जी व शास्त्री जी के चित्र पर दीपक जलाकर कर पुष्पांजलि अर्पित की। बाद में सभी बच्चों को सर्टिफिकेट व पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अरविन्द कुमार त्यागी अध्यक्ष व अर्चना त्यागी डायरेक्टर गन्तव्य संस्थान, डॉ प्रबोध चन्दोल महासचिव व डॉ हीरालाल मीणा भारतीय प्राकृतिक चिकित्सक संघ, डॉ राजेंद्र रावत अध्यक्ष व विजय शर्मा कोषाध्यक्ष रेजिडेंशियल वेल्फेयर सोसायटी, अचिन शर्मा सुपरिटेंडेंट आखिल भारतीय प्राकृतिक चिकित्सा परिषद सहित सर्वश्री टीकाराम, ब्रह्मप्रकाश, मुनिन्द्रा त्यागी, संगीता व विमलेश के साथ-साथ सलोनी व लिपिका के नेतृत्व में बच्चों ने भी भाग लिया। डॉ प्रबोध व अर्चना त्यागी ने बच्चों को गांधी व शास्त्री जी के बारे में बताया और सफाई बनाए रखने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।









## न्यूज फ्लैश

### फैक्ट्री में बने लेबर कमरे से इनर्वटर- बेट्री चोरी

**गन्नौर।** अगवानपुर रोड स्थित निर्ताणधीन फैक्ट्री में बने लेबर के कमरो से इनर्वटर-बैट्री चोरी हो गई। मालिक ने चोरी की शिकायत थाना गन्नौर पुलिस को दी है। शिकायत में पुरखास धीरान निवासी संसार ने बताया कि अगवानपुर रोड पर उसकी फैक्ट्री का काम चल रहा है। 29 सितंबर की दोपहर उसकी लेबर अपने कमरे में खाना खाने गई तो कमरे का ताला खुला हुआ था और कमरे से इनर्वटर व बैट्री गायब थे। संसार ने बताया कि 19 मई को उसके घर से सामने से लोहे का सामान चोरी हो चुका है। जिसकी शिकायत दर्ज होने के बाद भी चोरो का अब तक पता नही चल सका। गन्नौर थाना प्रभारी रवि कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपियों का पता लगा उन्हे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पीआरपीसी ने महात्मा गांधी की 154वीं जयंती बड़ी श्रद्धा के साथ मनाई

**पानीपत/कमाल हुसैन** भारत के महान नेता एवं राष्ट्रपिता "महात्मा गांधी" को उनकी 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने के लिए, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स ने 2 अक्टूबर, 2023 को उनका जन्मदिन देशभक्ति की भावना के साथ बड़ी श्रद्धा से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुकुल अग्रवाल, मुख्य-महाप्रबंधक, पीआरपीसी द्वारा मिनी स्मार्ट सिटी में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुई, जिसमें मुख्य-महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण, ऑफिसर्स एसोसिएशन तथा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पीआरपीसी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। तत्पश्चात गांधी जी के प्रिय भजन भी बड़े भक्ति भाव से गाए गए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(कमाल हुसैन)
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'महात्मा गांधी की शिक्षाओं का अनुसरण करें'

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर पूरा देश उन्हें कर रहा याद

**श्रद्धासुमन अर्पित**

8 गांधी जी के विचार आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पहले थे। इन्हें अपनाने से पूरे विश्व में शान्ति और सद्भाव स्थापित होगा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महात्मा गांधी** चौक पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला और महापौर रेणू बाला गुप्ता ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश आज महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर याद कर रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जन्म 2 अक्टूबर 1869 और पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को हुआ था। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने कि पहले थे। इन्हें अपनाने से पूरे विश्व में शान्ति और सद्भाव स्थापित होगा, जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। उनकी शिक्षा का अनुसरण ही गांधी जी के प्रति हम सभी की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का मानना था कि साफ. सफाई, ईश्वर की आराधना के समान है। इसलिए उन्होंने लोगों को स्वच्छता अपनाने की शिक्षा दी। वर्तमान सरकार, गांधी जी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप सम्पूर्ण प्रदेश में स्वच्छता के व्यापक प्रसार में उल्लेखनीय सफलता मिली है। मेयर रेणू बाला गुप्ता ने भी महात्मा गांधी को स्मरण करते हुए कि विश्व को शान्ति का मार्ग दिखाने वाले, महान नेता, त्याग एवं तपस्या की प्रतिमूर्ति, दुनिया को अहिंसा और स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। समस्त देश एवं प्रदेश वासियों को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। कार्यक्रम में सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघी, अमर नाथ सौदा, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रमुख डा. अशोक कुमार, पार्षद वीर विक्रम, मीनाक्षी भिंडर, अशोक मदान, रजनी परोचा, गुलशन नारंग, रमेश गिल, बब्बू मंजूरा, दिनेश तनेजा और कुलदीप शर्मा सहित कई भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गांधी जयंती पर हुआ मूक बधिर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**महात्मा गांधी** जयंती के अवसर पर बधिर कल्याण संघ करनाल द्वारा पंचायत भवन में मूक बधिर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारम्भ बधिर कल्याण संघ करनाल के प्रधान धीरज ने किया तथा पुरस्कार वितरण मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने किया। इस प्रतियोगिता में जिन बधिर स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया, इनमें माता प्रकाश कौर श्रवण एवं वाणी कल्याण केंद्र से अदित्य, महक, दिपांशु, हर्षित तिवारी, नेंसी, रिया व खुशी, अमर ज्योति स्पेशल स्कूल से ज्योति व पूजा के नाम शामिल हैं। बधिर कल्याण संघ के महासचिव नवीन कुमार, उपप्रधान ईशान नारंग,कोषाध्यक्ष विपिन, संयुक्त सचिव पंकज कुमार तथा कार्यकारी सदस्य चारू, रीना, दीपाशु, गुरपेश, रिंकू कुमार, हरियाणा मूक बधिर कल्याण संघ गुरूग्राम के संयुक्त सचिव मुकेश शर्मा व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सुमित का मुंबई चैंपियंस मे हुआ सेलेक्शन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। देहरादून** मे खेली जाने वाली पहली भारत वेटरन प्रीमियर लीग (बीवीपीएल) में आईपीएल खिलाड़ी सुमित नरवाल मुंबई चैंपियनस एवं संजय बामल व लखविंदर मैहला राजस्थान लीजेंड्स की टीम मे सलैक्ट हुए हैं।
क्रिकेटर सुमित नरवाल ने अपनी इस स्लैकशन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस लीग का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैं फिर से मैदान पर उतरने और छक्के लगाने के लिए उत्सुक हूं और यह एक नई पारी है और एक नई शुरूआत होगी। पूर्व रणजी खिलाड़ी क्रिकेटर संजय बामल एवं लखविंदर मैहला ने भी अपने स्लैकशन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सभी सलैक्टरस का धन्यवाद किया। उल्लेखनीय है कि पहली भारत वेटरन प्रीमियर लीग (बीवीपीएल) 10 से 20 दिसम्बर को शुरू होने वाली है।
इस दिग्गज अनुभवी लीग में वीरेंद्र सहवाग, सनथ जयसूर्या, क्रिस गेल और सुरेश रैना जैसे दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। टूनार्मेंट का आयोजन भारत वेटरन्स क्रिकेट बोर्ड और भारत पावर क्रिकेट अकादमी द्वारा किया जा रहा है। टूर्नामेंट में कुल छह टीमें खेलेंगी, जिनमें विदेशी खिलाड़ी के अतिरिक्त पूर्व रणजी ट्रॉफी क्रिकेटर शामिल होंगे।
इस टूर्नामेंट में छह टीमें जिनमें वीवीआईपी उत्तर प्रदेश, मुंबई चैंपियंस, राजस्थान लीजेंड्स, छत्तीसगढ़ वारियर्स, तेलंगाना टाइगर्स और रैड कारपेट दिल्ली वारियर्स की टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस लीग में कुल 18 मैच खेले जाएंगे। इसमें सभी मैच में हर टीम में 30 प्रतिशत स्टार प्लेयर होंगे, 70 प्रतिशत नए और युवा खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलेगा। खिलाड़ियों का सिलेक्शन आईपीएल की तरह ही नीलामी या बोली द्वारा किया जाएगा।

## गांधी जयंती पर बाल भवन मधुबन के बच्चों ने निकाली स्वच्छता रैली



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। गांधी जयंती** के अवसर पर हरियाणा राज्य बाल भवन द्वारा मधुबन में स्वच्छता रैली निकाल कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस संस्था में सुरक्षा एवं देखभाल करने वाले बच्चे रहते हैं। संस्था के प्रबंधक अमित गांधी व स्टाफ सदस्यों ने अशोक विहार कॉलोनी मधुबन में रैली को झंडी देकर रवाना किया। संस्था के बच्चों व स्टाफ ने रैली के माध्यम से लोगों को अपने आसपास सफाई रखने और महात्मा गांधी द्वारा दिए गए स्वच्छता के अमिट संदेश को जीवन में अपनाने का आग्रह किया गया। रैली में बच्चों ने बापू ने दिया था संदेश, स्वच्छ रखो भारत देश- आओ मिलकर काम करें देश का कोना कोना साफ करें के नारों के साथ आसपास के लोगों को जागरूक किया। इसके बाद बच्चों और स्टाफ ने मिलकर संस्थान में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया।

## रक्तदान शिविर में युवाओं ने उत्साह से किया रक्तदान

**गन्नौर: रोटरी** क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल द्वारा शिव पार्क गन्नौर में गांधी जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि मेराकी लेमिनेट्स (एचएसआईआईडीसी बड़ी) मनीष सिंगला और संयम सिंगल सिंगला ने शिरकत की।
शिविर में युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ रक्तदान किया।
शिविर में 402 यूनिट एकत्रित हुई। मुख्यातिथि मनीष सिंगला ने कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए युवाओं को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए।

## महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का शुरू किया अभियान



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**प्रगतिशील** शिक्षक ट्रस्ट नारनौल द्वारा दिव्यांग परिवार सहायतार्थ जरूरतमंद महिला को सिलाई मशीन वितरण अभियान का शुभारम्भ किया गया ' इस विषय में जानकारी देते हुए ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल द्वारा अपने इस महत्वपूर्ण प्रकल्प के अंतर्गत जरूरतमंद महिलाओं को सक्षम बनाने के लिए कृतसंकल्प है ' इसी कड़ी में आज मोहल्ला नई सराय निवासी महिला किरण को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने के मकसद से सिलाई मशीन प्रदान की गई ' उन्होंने कहा कि बुनियादी स्तर पर, आर्थिक आत्मनिर्भरता महिलाएं को उनके सामाजिक-आर्थिक बैकग्राउन्ड के बावजूद ज्यादा सुरक्षित और सम्मानित महसूस कराती हैं। इसका न केवल महिलाओं पर बल्कि उनके परिवार, समाज पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है ' ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज और भीमसेन शर्मा ने कहा कि प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट महिलाओं के रोजगार और उससे जुड़े प्रशिक्षण के लिए वचनबद्ध है ' दिव्यांग परिवारों के लिए ट्रस्ट की प्राथमिकताएं उच्च स्तर पर हैं ' नरोत्तम सोनी और राकेश शर्मा ने कहा कि छोटी सी सहायता से जीवन बड़े आत्मविश्वास से भर जाता है ' हमें प्रत्येक जरूरतमंद मदद करनी चाहिए '

**इसी माह आरंभ होगा रोजगार प्रशिक्षण केंद्र:** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा अक्तूबर माह में ही दिव्यांग एवं जरूरतमंद महिलाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित करने के लिए एक सिलाई केंद्र की स्थापना नई सराय में करेगा ' इस केंद्र पर 20 महिलाओं का समूह सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर सक्षम बनेगा ताकि ये महिलाएं सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें ' इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ जितेन्द्र भारद्वाज, नरोत्तम सोनी, राकेश शर्मा, भीम सेन शर्मा, अजय शर्मा, अमित शर्मा और प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

## कुष्ठ आश्रम में हुआ श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**गांधी जयंती** पर जिला कुष्ठ रोग विभाग की ओर से इंदिरा चक्रवर्ती ग्राम कुष्ठ आश्रम में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेडिकल ऑफिसर डॉ.विनायक ने मुख्य अतिथि उपसिविल सर्जन डॉक्टर सिम्मी कपूर का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सहित समाज सेवक देवेंद्र सचदेवा सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, पीएमडब्ल्यू वंदना आर्य, फार्मासिस्ट राकेश आहूजा, एएनएम सपना व नीलम ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉक्टर सिम्मी कपूर ने कहा कि समाज में आगामी कुष्ठ आश्रमों के निर्माण की आवश्यकता ना पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से प्रयासरत है। विभिन्न जागरूकता अभियानों के माध्यम से जन सामान्य को बताया जाता है कि कुष्ठ एक सामान्य त्वचा रोग है और छूत की बीमारी नहीं है। सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका इलाज मुफ्त है। शरीर पर सुन्न दाग धब्बे, गांठे अथवा नसों में झनझनाहट जैसे प्रारंभिक लक्षण आने पर ही यदि रोगी जांच करवा कर अपना उपचार प्रारंभ कर लेता है तो विकलांगता से बच जाता है। उन्होंने बताया कि जिले के सरकारी अस्पताल में ओपीडी कमरा नंबर 23 में त्वचा रोग विशेषज्ञ द्वारा उपरोक्त लक्षणों की जांच करवाई जा सकती है। उन्होंने सभी 54 कुष्ठ प्रभावितों को आश्वासन दिया गया कि प्रत्येक माह में एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ तथा अन्य चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा।

## मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को सफाई रखने का दिया संदेश

**टीम एक्शन इंडिया/राई**
**राई** गांव के मुक्तिधाम में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष में निगम पार्षद एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई के नेतृत्व में में स्वच्छता अभियान चला कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया । जिला उपाध्यक्ष ने पुनीत राई ने कस्सी और फावड़े से घास काटी। पुनीत राई ने युवाओं को संदेश देते हुए ने कहा कि सभी को अपने आसपास सफाई अभियान चलाना चाहिए, ताकि हम अपने आप को स्वच्छ और स्वस्थ रख सकें। आज के समय में जो भी बीमारियां पैदा हो रही हैं वह सिर्फ सफाई करने के कारण हो रही है। उन्होंने कहा कि बहुत सा पैसा हमारा इन बीमारियों में लग जाता है, लेकिन इसके बावजूद भी लोग समझ नहीं रहे कि सफाई इंसान के जीवन के लिए कितनी जरूरी है जो उनको अनेक बीमारियों से बचा सकती है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया है कि वे सफाई के महत्व को समझें और उसे अपने जीवन में एक आदत की तरह अपनाएं। अंत में सभी सदस्यों ने अपने आसपास सफाई करने की शपथ ली। इस अवसर पर सुंदर जठेड़ी, वेदपाल शास्त्री, राजकुमार कौशिक, कृष्ण कौशिक, राकेश कौशिक, अनील त्यागी, छोटे लाल, नरेश त्यागी, सतीश वाल्मिकी आदि ग्रामीण मौजूद थे ।

## नगर निगम ने शहर में निकाली अमृत कलश यात्रा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर सोमवार को शहर में अमृत कलश यात्रा निकाली। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने स्थानीय रामलीला ग्राउण्ड से यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मेरी माटी-मेरा देश के तहत निकाली गई यात्रा शहर के रेलवे रोड से होते हुई कर्ण गेट बाजार, कुंजपुरा रोड स्थित डाकघर कार्यालय से साथ सडक तथा दो किसान चौक से होते हुए वापिस रामलीला ग्राउण्ड पहुंची। यात्रा में वार्ड नम्बर 8, 10 व 16 के पार्षद मेघा भंडारी, वीर विक्रम कुमार व रजनी परोचा, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त गौरव कुमार, संयुक्त आयुक्त अदिति, उप निगम आयुक्त विनोद नेहरा के अतिरिक्त निगम कार्यालय का तमाम स्टाफ तथा सैकड़ों सफाई कर्मचारी मौजूद रहे। रेनू बाला गुप्ता ने बताया कि अमृत कलश यात्रा के कलश में करनाल शहर के सभी वार्डों से तथा शहीद परिवारों के घर की पवित्र मिट्टी व चावल एकत्रित किए गए हैं, जिसकी आज यात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि मिट्टी व चावलों को पूरे देशभर से एकत्रित किया जाएगा तथा इससे कर्तव्य पथ व इंडिया गेट पर अमृत वाटिका तथा आजादी का अमृत स्मारक की स्थापना की जाएगी।
मेयर ने कहा कि अमृत वाटिका में शहीदों की याद में पेड़-पौधे लगाकर देश को ओर अधिक हरा-भरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रऊपिता महात्मा गांधी जी ने देश को स्वदेशी व स्वच्छ बनाने का नारा दिया था, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने इसी सेवा-संकल्प को लेकर देशभर में सफाई अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री जी ने जय जवान-जय किसान का नारा दिया था, इसे सोच को लेकर भारत सरकार किसानो के हित में नई-नई योजनाएं लागू कर स्वावलंबी बनाने का काम कर रही है।

## संपादकीय

# भारत ग्लोबल साउथ की सशक्त आर्थिक आवाज

**भारत** स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न द्दष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत अब एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आया है। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक द्दष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है'

मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है' अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था'

पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है' आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है कि बाहुबली अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनका ऑटोग्राफ लेने की गुजारिश की है और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्र प्रमुख ने उनके चरण छूकर उनका अभिवादन किया ,यह संभवत चमत्कारिक प्रभाव भारत के शक्तिशाली होने एवं वैश्विक शांति के प्रति देश की प्रतिबद्धता के कारण ही हुआ है'

पर दूसरी तरफ भारत की अंदरूनी स्थिति में भारत 140 करोड़ की जनसंख्या वाला देश हो गया है' विकास की कल्पना में भारत आर्थिक तौर पर एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो, इस स्थान पर गरीबी बेरोजगारी असमानता का उन्मूलन हो चुका हो। इसी तरह भारत कच्चे तेल के संकट से मुक्त होकर उर्जा संपन्न देश बने और भारतीय मुद्रा का चलन वैश्विक स्तर मैं सम्मान पूर्वक हो सके। सामाजिक स्तर पर विभिन्न लक्षित वर्गों जैसे दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक, आदिवासी, महिलाओं तथा बच्चों के लिए लाभकारी नीति बनाई जानी चाहिए।

# भाजपा का मध्यप्रदेश मॉडल एक तीर से कई निशाने

ऋतुपर्ण दवे

> "राजस्थान में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे केसाथ हुईमहज15 मिनट की बैठक चचाओं में है।यहां भाजपा की200 सीटों पर निकली 4 परिवर्तन यात्राओं में जुटी भीड़, उसमेंभी ज्यादातर में वसुंधरा का गायब रहना और इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की ताजा तस्वीरें सामने आने के गहरे मायने हैं। यहाँ प्रेशर पॉलिटिक्स कीपक रही नई खिचड़ी कौन खाएगा यही बड़ा सवाल है?संकेतोंको समझें तोमध्यप्रदेश मॉडल के तहतकेंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 प्रत्याशियोंकी पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी"

**क्या** देश के अगले आम चुनाव के लिए दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में नया प्रयोग करने जा रही है? क्या यही प्रयोग राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भी होगा? मध्य प्रदेश विधानसभा उम्मीदवारों की हालिया सूचियों में बड़े-बड़े नाम यहां तक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और संगठन के छत्रपों के जारी हुए हैं। इससे न केवल दूसरे प्रतिद्वन्दी दलों की सांसें अटकी हुईं हैं बल्कि खुद भाजपा के संभावित दावेदार भी हक्का-बक्का हैं।राजनीतिक पण्डितों का मानना है कि यह एक तीर से कई निशाने लगाने जैसा है। निश्चित रूप से भाजपा जो दांव खेल रही है वह भारत की राजनीति में कइयों को अटपटा या नया भले लगे लेकिन हवा का रुख भांपने वालों का मानना है कि राजनीतिक बैरोमीटर परसंभावित आंधी-तूफान के संकेत भांपतेहुए ही ऐसा बड़ा कदम उठाया होगा?

फिलाहाल टिकट वितरण को लेकर मध्यप्रदेश मॉडल की जहाँ पूरे देश में चर्चा है। इसके राजनीतिक मायने भी बहुत गहरे हैं। भाजपा यहां कांग्रेस की 15 महीने पुरानी सरकार गिराकर फिर सत्ता में आई थी।अब भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयर्गीय, केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते सहित प्रभावशाली सांसद राकेश सिंह (जबलपुर), गणेश सिंह (सतना), उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद), रीति पाठक (सीधी) को सीधी विधानसभा चुनाव के रण में उतारनाबताता है कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र को अछूता नहीं रख जहां-तहां ऐसे प्रत्याशी उतारेगी जो पूरे क्षेत्र में तो प्रभावी हों और कम से कम उस पूरे अंचल या संभाग में भी असर डालें।

भाजपा ने शुरूआती सूची में मालवा-निमाड़, ग्वालियर-चंबल, महाकौशल-विन्ध्य, भोपाल-नर्मदापुरम पर जबरदस्त फोकस किया है। अब कयास है कि अगली सूची में शेष निमाड़, बुन्देलखण्ड, उत्तर पश्चिम मालवा, नर्मदा उद्गम संभाग (शहडोल) सहित बांकी सीटों में कइयों पर चौंकाने वाले प्रत्याशी देगी।अभी 320 सीटों में केवल 79 सीटों की घोषणा ने ही राजनीति में नई लहर पैदा कर दी है। इसमें भाजपा ने केवल वर्तमान 3 विधायकों की टिकट काटी है।सबसे चर्चित नाम मैहर से नारायण त्रिपाठी का



है जिन्होंने हमेशा अपना बगावती सुर दिखाया। उनकी जगह श्रीकांत चतुवेर्दी को टिकट दिया जो ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं।वहीं सीधी से केदारनाथ शुक्ला की जगह सीधी सांसद रीति पाठक को टिकट देना अचंभित करने वाला है। सीधी के चर्चित पेशाब काण्ड के आरोपी प्रवेश शुक्ला को केदारनाथ शुक्ला का करीबी बताकर विपक्ष ने देश-प्रदेश में काफी हंगामा किया था। लगता है कि यह कहीं न कहीं डैमेज कंट्रोल है। इसी तरह नरसिंहपुर विधायक जालिम सिंह की टिकट उनके छोटे भाई केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह सांसद)को देकर भोपाल-नर्मदापुरम अंचल की सभी सीटों को साधने की कोशिश हुई है।अभी महज 79 घोषित प्रत्याशियों के जरिए भाजपा ने मध्यप्रदेश में अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं।आगे 241 सीटों पर प्रत्याशी तय होने बांकी हैं जिनमें उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र की सीमा से जुडे तमाम क्षेत्र भीहैं।

क्षेत्रीयता के हिसाब से महाकौशल में सबसे ज्यादा 38 में से 22 सीटों पर,मालवा-निमाड़ में 66 में से 21, ग्वालियर-चंबल की 34 में से 15,भोपाल-नर्मदापुरम की 36 में से 7, विंध्य की 30 में 7 तो बुंदेलखंड की 26 में से 7 सीटों पर प्रत्याशीचयन हो चुका है। निश्चित रूप से चंद दिनों में मध्यप्रदेश सहित सभी पांच राज्यों में चुनावी अखाड़ा सजते ही एक से एक और ऐसी राजनीतिक तस्वीरें आएंगी जिनमें कई पहली बार दिखेंगी तो कई उम्मीदों से इतर भी होंगी। बावजूद इसके मध्यप्रदेश में मुकाबला भाजपा बनाम जनता दिख रहा है। कांग्रेस कमलनाथ के उदारवादी हिन्दू चेहरे पर दंगल में उतरने के बावजूद संगठन के लिहाज से भाजपा से उन्नीस क्या पंद्रह भी नहीं है। यहां विज्ञप्तिवीरों को छोड़ दें तो कांग्रेस धरातल पर सिवाय कुछ इलाकों के वर्षों से कहीं दिखी नहीं। गत वर्ष के नगरीय चुनावों में कई बूथों पर कांग्रेसी एजेण्ट तक नहीं थे। कहीं बहुमत में आकर भी अध्यक्ष की दौड़ में मात खा गई। ऐसे में मध्यप्रदेश का मुकाबला भाजपा और जनता के बीच है जिसमें रणीतिक रूप से भाजपा भारी पड़ेगी।

राजस्थान में भी चुनावी सरगर्मी चरम पर है। गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे केसाथ हुईमहज15 मिनट की बैठक चचाओं में है।यहां भाजपा की200 सीटों पर निकली 4 परिवर्तन यात्राओं में जुटी भीड़, उसमेंभी ज्यादातर में वसुंधरा का गायब रहना और इसी बीच मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की ताजा तस्वीरें सामने आने के गहरे मायने हैं। यहाँ प्रेशर पॉलिटिक्स कीपक रही नई खिचड़ी कौन खाएगा यही बड़ा सवाल है?संकेतोंको समझें तोमध्यप्रदेश मॉडल के तहतकेंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल तथा कुछ अन्य सांसद मैदान में दिखेंगे। छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा सीटों में से 80 की सूची तैयार है। भाजपा ने 21 प्रत्याशियोंकी पहली सूची अगस्त में ही जारी कर दी थी। अब 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री के बस्तर आने से पहले दूसरी सूची जारी हो जाए?मध्यप्रदेश मॉडल यहां भी चचाओं में है।

चुनावी राज्यों के मुख्यमंत्री महीनों से ताबड़तोड़ दौरे, घोषणाएं और रेवड़ियां बांट लोगों को लुभाने में कोई कमीं नहीं छोड़ रहे हैं। तीनों हिन्दी पट्टी इलाकों में कहीं भी मौजूदा या पूर्व मुख्यमंत्री का चेहरा सामने नहीं रखना भाजपा की गंभीरता और विवशता दोनोंदिखाता है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह 17 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं तो छत्तीसगढ़ में रमन सिंह 15 वर्ष तक मुख्यमंत्री रहे। दोनों के नाम पहली सूची में नहीं है। वहींराजस्थान में5बार सांसद, 4 बार विधायक और 2 बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे अलग ही चचाओं में हैं। कभी लगता है कि भाजपा डरी हुई है तो कभी लगता है कि भाजपा गंभीर है और कभी लगता है कि भाजपा जनता के मिजाज को भांप, अपने अंदर हीसाफ-सफाई में तो नहीं लगी हुई है? अब वजह जो भी हो वो शीर्ष नेतृत्व जाने लेकिन जिस तरह के बयान गुजरे रविवार को सीहोर की एक जनसभा में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिए और कहा कि ह्यमैंने राजनीति की परिभाषा बदल दी है। मैं सरकार नहीं परिवार चला रहा हूं, मेरे जैसे भैया नहीं मिलेगा, जब मैं चला जाऊंगा तब आप सबको बहुत याद आऊंगा।' उस बयान के राजनीतिक अखाड़े में कई मायने लगाए जा रहे हैं।वहीं जिस तरह से टिकट वितरण में अब तक जो सच सामने है उससे काफी कुछ समझा जा सकता है और बयान से जोड़ा भी रहा है। लेकिन इतना तो है कि विपक्ष को भी भाजपा कमतर नहीं आंक रही है क्योंकि छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठनात्मक रूप से राजस्थान-मध्यप्रदेश के मुकाबलेमजबूत है। राजस्थान की नई राजनीतिक खिचड़ी कांग्रेस-भाजपा दोनों के लिए चुनौती से कम नहीं है। मिजोरमऔर तेलंगाना का मिजाज तीनों राज्यों से अलग है।इसीलिए निश्चित रूप से मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ राज्यों के चुनाव, आम चुनावों की दिशा तय करने वाले तो साबित होंगे ही साथ भाजपा में भी अन्दरखाने संगठन व सत्ता मे बड़े बदलाव के संकेत देते नजर आ रहे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभाकर हैं।)

## कविता

### अपशिष्ट

कल तक जो विशिष्ट था
वह अब अपशिष्ट है
उसका न कोई परिशिष्ट है
वह छोड़ दिया गया है
लावारिश सा...?
घर के किसी कोने में या आसपास
खुली सड़क या फिर मैदान में
कल वह ! कचरा बन जाएगा
अपनों से जो छूट जाता है
वह गैरों से भी रूठ जाता है...?
लोग उसे अर्थहींन समझते हैं
कचरे की माफीक ?
वह कबाड़ बन जाएगा
कबाड़ी को बिक जाएगा
या फिर कूड़ा बन जाएगा
हाँ ! वहीं विशिष्ट
कल अपशिष्ट बन जाएगा
शायद ! यहीं नियति है ?

प्रभुनाथ शुक्ल

# दबाव के बाद कनाडा का यू टर्न

सुनील कुमार महला

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाने के बाद अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के तेवर नरम पड़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। हाल ही में, कनाडा और भारत के बीच तल्ख होते रिश्तों के बीच अब बदलाव के संकेत देखने को मिल रहे हैं। मीडिया के हवाले से यह पता चलता है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अब यह बात कही है कि भारत व कनाडा के बीच रिश्ते काफी पुराने हैं और यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ रिश्तों का अपना महत्व है और कनाडा रिश्तों को बेहतर बनाएगा। इस मामले में कनाडा काफी गंभीर है। वैसे कनाडा पर हर तरफ से दबाब भी इन दिनों बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क ने हाल ही में कनाडा सरकार की दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर यह कहा है कि जस्टिस अभिव्यक्ति की आजादी को दबा रहे हैं। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क स्पेसएक्स के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपतियों में से एक हैं। मस्क ने ट्रूडो सरकार की आलोचना की है। यहां यह बात महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय है कि कनाडा के एक आदेश के तहत सभी ऑनलाइन स्टीमिंग सेवाओं को आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराने का आदेश दिया है ताकि सरकार उस पर रेगुलेटरी कंट्रोल कर सके। वास्तव में कनाडा सरकार के इस आदेश की जमकर आलोचना की जा रही है। पत्रकार और लेखक ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उन्होंने यह लिखा कि कनाडा सरकार दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर आई है। वास्तव में इसके तहत सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं, जिनमें पॉडकास्ट होता है, उन्हें आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराना होगा, जिससे सरकार ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं पर रेगुलेटरी नियंत्रण कर सके। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है कि कनाडा की ट्रूडो सरकार पर बोलने की आजादी के हनन का आरोप लगा हो। इससे पहले भी फरवरी वर्ष 2022 में भी ट्रूडो सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था और यह कनाडा के इतिहास में पहली घटना थी। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कोरोना वैक्सीन को लेने की अनिवार्यता के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया था और उस समय इसे लेकर पूरे कनाडा में बहुत हंगामा हुआ था। तब हालात को नियंत्रित करने के लिए कनाडा सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में अपने अमेरिकी दौरे के दौरान यह बात कही थी कि कनाडा एक ऐसा देश बन गया है जहां भारत से संगठित अपराध, लोगों की तस्करी के साथ ही, अलगाववाद और हिंसा का मेल है।एस जयशंकर ने यह बात कही है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने जिस तरह निजी और सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाया वो ठीक नहीं था।

उन्होंने कहा कि कनाडा को खालिस्तानियों पर लगाम लगानी चाहिए। भारत के सख्त रूख के बाद कनाडा जस्टिन ट्रूडो ने यू-टर्न लिया और कहा कि वैश्विक स्तर पर आज भारत का महत्व बढ़ रहा है, ऐसे में जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ मिलकर काम करें।

## विचार

# अमेरिकी सरकार को शटडाउन से राहत मिली

किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तरपर कोविड महामारी के बाद से दुनियां के करीब-करीब सभी देश आर्थिक संकटों से उबर नहीं पाए हैं, ऊपर से 2024 में मंदी, महामंदी के कयास लगाए जा रहे हैं, परंतु अगर हम वर्तमान समय में दुनियां के अनेक देशों की आर्थिक स्थिति देखें तो वह सुद्दढ़, स्वस्थ्य नहीं है करीब करीब हर देश के ऊपर लाखों करोड़ रुपये ऋण है जिसमें भारत भी शामिल है। हालांकि भारत कोविड काल के बाद ही पांचवी अर्थव्यवस्था बना है और तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। अगर हम अर्थव्यवस्था के एंगल से दुनियां की महाशक्ति अमेरिका को देखें तो जिनको जानकारी नहीं होगी वह यह सुनकर दांतों तले उंगली दबा देंगे के इस महाशक्ति वाले देश मे1981 से लेकर पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासनकाल के शटडाउन को मिलाकर देखा जाए तो 14 शटडाउन हो चुके हैं। अगर 1 अक्टूबर 2023 से अमेरिका में शटडाउन शुरू हो जाता तो ये 15 वां शटडाउन होता। ट्रंप की पिछली अमेरिकी सरकार का 35 दिन का शटडाउन अमेरिका के इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन था। अभी एक अक्टूबर 2023 से 15 वां शटडाउन लग जाता परंतु शनिवार 30 सितंबर 2023 को देर रात्रि सीनेट में अमेरिकी स्टॉपगैप स्पेंडिंग बिल को पारित किया जिससे 17 नवंबर तक राहत प्रदान कर दी गई है वैसे तो कुछ दिनों से शटडॉउन की आशंका के चलते,अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज 33 खरब डॉलर से ज्यादा हो गया है अमेरिका में पहले से ही ऑटो कर्मचारियों की हड़ताल, महंगाई से जूझ रही अर्थव्यवस्था और गैस की बढ़ी कीमतों को लेकर मंदी की संभावना भी जताई जा रही है। सरकार बजट को लेकर दबाव में है, वहीं रेटिंग एजेंसी फिच ने अगस्त में ही अमेरिकी सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को एएए से घटाकर एए+ कर दिया था। इसके पीछे फिच ने अमेरिका पर बढ़ते कर्ज और पक्षपातपूर्ण अस्थिरता को वजह बताया था। इसके बाद फिच ने कांग्रेस को चेतावनी भी दी थी।

अर्थव्यवस्था की नजर से समझें तो अमेरिका सहित पूरी दुनियां के निवेशकों की भावनाओं पर इस शटडाउन का असर पड़ सकता था जिसके चलते दुनियां भर के शेयर बाजारों में गिरावट आ सकती थी। मन में सवाल उठना लाजमी है कि आखिर अमेरिका के इस शटडाउन का क्या मतलब है यूएस में हाल के दिनों में ऐसा क्या हुआ है जो सरकार को देश में शटडाउन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है अगर हम शटडाउन को समझने की करें तो, अमेरिकी में जब भी सरकार की फंडिंग को लेकर सत्ता और विपक्ष के बीच गतिरोध पैदा होता है तो वहां शटउाउन की स्थिति पैदा हो जाती है। शटडाउन होते ही वहां फेडरल सरकार के करीब 40 लाख कर्मचारियों का वेतन अधर में अटक जाता है।नासा जैसी एजेंसियों के शोध प्रभावित होते हैं। नेशनल पार्क बंद कर दिए जाते हैं। केवल इमरजेंसी सेवाओं को छोड़कर सरकार की फंडिंग से चलने वाली तमाम चीजें बंद कर दी जाती हैं। हालांकि प्राइवेट सेक्टर पर इसका ज्यादा असर नहीं पड़ता।चूंकि 1 अक्टूबर 2023 से होने वाले शट्डाउ न से अमेरिकी प्रशासन को राहत मिल गई है, इसीलिए आज हममीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में अनावश्यक आर्थिक संकट ट्ला, शासकीय कर्मचारी का वेतन रुकने, दुनियां के बाजारों पर संकट, दोनों से राहत मिली, दोनों सदनों का यह सराहनीय कदम है।

साथियों बात अगर हम अमेरिका में 1 अक्टूबर 2023 से होने वाले शटडाउन टलने की करें तो, अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा और उच्च सदन सीनेट नेसंघीय सरकार को 45 दिनों की फंडिंग के लिए पेश किए गए विधेयक को मंजूरी दी है। प्रतिनिधि सभा ने समझौता निधि उपाय बिल को 335-91 मतों के अंतर से पारित कियाबिल को सीनेट की मंजूरी मिलने के बाद नवंबर के मध्य तक शटडाउन का खतरा टल गया है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# बलिदान ने बनाया कुंजा को : कुंजा बहादुरपुर

डॉ० घनश्याम बादल

**बहादुरी** विरासत में मिलती है और शेर का बच्चा शेर ही होता है ।1857 की क्रांति ने दुनिया को यह दिखा भी दिया और उसे पहले भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का नाम मिला । मगर बहुत कम लोग जानते होगें कि इससे भी बड़ी लड़ाई तो यहां 33 साल पहले ही लड़ ली और करीब - करीब जीत ली गई थी । आज तीन अक्टूबर को 1824 में लड़े गए कुंजा बहादुरपुर के संग्राम की जयंती पर देखते हैं इतिहास के आइने से झांकते हुए रांघड़ व गुर्जर वीरों की इस बलिदान व शौर्य गाथा को ।

जनपद हरिद्वार के भगवानपुर विधानसभा क्षेत्र में स्थित है एक छोटा सा गांव कुंजा। कुंजा ने 1824 में ऐसी बहादुर दिखाइए कि कुंजा बहादुरपुर कहा जाने लगा ।

3 अक्टूबर 1824 को तत्कालीन जिला सहारनपुर ( वर्तमान में जनपद हरिद्वार के कुंजा क्षेत्र में स्वतन्त्रता-संग्राम की ज्वाला प्रचंड रूप से भड़की थी। आधुनिक हरिद्वार जनपद में रूडकी शहर के पूर्व में लंढौरा नाम का एक कस्बा है जो 1947 तक पंवार वंश के राजाओं की राजधानी था । तब लंढौरा रियासत में 804 गाँव थे और यहां के शासको का प्रभाव समूचे पश्चिम उत्तर प्रदेश में था। हरियाणा के करनाल क्षेत्र और गढ़वाल में भी इस वंश के शासकों का व्यापक प्रभाव था। 1803 में अंग्रेजो ने ग्वालियर के सिन्धियाओं को परास्त कर समस्त उत्तर प्रदेश को उनसे युद्व हजार्ने के रूप में प्राप्त किया था । तब पंवार वंश की लंढौरा, नागर वंश की बहसूमा , भाटी वंश की दादरी व जाटो की कुचेसर आादि ताकतवर रियासतें अंग्रेजो की आँखों में कांटे की तरह चुभने लगी थी।

1813 में लंढौरा के राजा रामदयाल सिंह की मृत्यु होने पर उत्तराधिकारी के प्रश्न पर राज परिवार में गहरे मतभेद उत्पन्न हो गये थे । इस स्थिति का लाभ उठाकर अंग्रेजों ने रियासत को भिन्न दावेदारों में बांट दिया और एक बड़े हिस्से को अपने राज्य में मिला लिया। उस समय लंढौरा रियासत का ही एक ताल्लुका था, सहारनपुर-रूड़की मार्ग पर भगवानपुर के निकट स्थित कुंजा-बहादुरपुर । तब इस ताल्लुके मे 44 गाँव थे सन- 1819 में विजय सिंह यहां के ताल्लुकेदार बने।

## कवरस्टोरी

डॉ. सुरेश कुमार

**नोट से** चीप, आलू से सोना और टेस्ट ट्यूब बेबी से सीता मैया को ढूँढ़ निकालने के बाद जो अपार सफलता मिली, उसके लिए मैं हृदय की गहराई से आप सभी का आभार व्यक्त करता हूँ। मुझे पता है कि आप भी मुझे बधाई देना चाहते है, किंतु आपके पास शब्दों की कमी पड़ रही है। इसीलिए मैंने अक्षरों की ओर द्दष्टिपात किया है। सुना है अक्षर जन्म और मृत्यु के खेल से परे होते हैं।

सोचा क्यों न मैं भी अक्षरों पर एक कवर स्टोरी बना दूँ। अब तो हर सच्चाई कवर होने लगी है। जीवन में किसी न किसी को कभी न कभी अवश्य कवर करना चाहिए, वरना हमें कवर करने वाला दुनिया में कोई नहीं बचेगा। बहुत दिनों के बाद मैंने अक्षरमाला को बड़े ध्यान से देखा। पिछली बार 2011 के आसपास देखा था। मात्र देखने का परिणाम यह हुआ कि देश का साक्षरता दर सत्तर पार हो गया। मैंने देखने में कभी कमी नहीं की। यही कारण है कि यहाँ जितने डॉक्टर और इंजीनियर बनते हैं उससे कहीं ज्यादा बाबा उभरकर आते हैं। हमारी साक्षरता पढ़े लिखों में बेवकूफों और बेवकूफों में पढ़े लिखो का संतुलन बनाए रखती है। हाँ तो मेरी बात अक्षरमाला पर हो रही थी। मानो मुझे ऐसा लगा कि चुनिंदा शहरों के साथ-साथ अक्षरमाला को भी स्मार्ट सिटी का दर्जा दे दिया गया है। अक्षरमाला के शहर में स्वर, व्यंजन, गला, मूर्धा, तालू, दाँत, होंठ जैसी अलग-अलग बस्तियाँ काफी हाई-फाई हो गयी हैं।

तालू के मोहल्ले में दाँत वाले मोहल्ले का कोई छोकरा घुस आए तो दाँतों की बत्तीसी तोड़ने के लिए तलुआ गैंग के अक्षर डटकर खड़े रहते हैं। मैंने देखा कि कुछ अक्षर बदन पर आभूषण की प्रदर्शिनी लगाए प्रशंसा पाने की होड़ में है। कुछ अक्षर भजन, कीर्तन करते हुए फलाँ-फलाँ का नामस्मरण कर रहे हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जिनके लिए यह भजन, कीर्तन हो रहा है वे उन्हें असली अक्षर होने का दर्जा देंगे। कुछ अक्षर तो अपने अगल-बगल में इतर लगाए सभी को अपने गंध के मोह में फांसना चाहते हैं। पुरस्कार हथियाना चाहते हैं।

# धर्मसेवी मनीष समर्थकों संग भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**गांव राई** निवासी धर्मसेवी मनीष राई अपने सैकडो सहयोगियों के साथ भारतीय जनता पार्टी मे शामिल हुए। मनीष राई को त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के प्रभारी बिपलव देव ने भारतीय जनता पार्टी मे स्वागत किया। बीजेपी मे शामिल होने के बाद श्री राम कृष्ण साधना केंद्र मुरथल मे श्री श्री 1008 पूज्य स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने मनीष राई का भव्य स्वागत किया। आश्रम मे सर्वप्रथम गौ माता का पूजन किया गया तत्पश्चात स्वामी दयानंद सरस्वती जी का जन्मदिवस मनाया गया।
मनीष राई ने 2003 मे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (संघ) प्रवेश किया तत्पश्चात 2007 मे संघ शिक्षण प्रारथमिक शिक्षा वर्ग और 2008 मे प्रथम शिक्षण वर्ष किया। मनीष राई ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कई सम्मानित दायित्वों पर कार्य किया। बाद मे मनीष राई को संघ ने विश्व हिंदू परिषद की शाखा बजरंग दल मे सोनीपत जिले का दायित्व देकर कार्यभार सौंपा। बदरंग दल मे मनीष राई ने कई तिरंगा यात्राएं,भगवा यात्राएं,प्रदर्शन और आंदोलन किये। तत्पश्चात मनीष राई को संगठन ने धर्म जागरण समन्वय मे भेज दिया जिसको मनीष राई वर्तमान मे संभाल रहे थे। अभी मनीष राई टीम द्वारा जिले व आस-पास के जिलों मे निःशुल्क जीव एंबुलेंस सेवा दी जाती है। मनीष राई टीम द्वारा गौ उपचार केंद्र चलाया जा रहा है और प्रत्यक्ष रूप से टीम वहीं पहुंचकर ईलाज भी करके आती है। मनीष राई टीम द्वारा रक्तदान शिविर लगाये जा रहे हैं। पौधारोपण किया जा रहा है। वातावरण शुद्धि हेतू हवन यज्ञ किये जाते हैं। मनीष राई द्वारा यमुना घाटों की सफाई हेतू अभियान चलाया गया जिसे यमुना पुत्र नाम दिया गया था। मनीष राई ने कहा कि मैं भाजपा मे शामिल इसलिये हो रहा हू कि पूरे भारत मे मात्र यही वो पार्टी जो हिंदूओं की बात करती है निष्पक्षता की बात करती है और सनातन संस्कृति बचाने का प्रयास करती है। मैं सनातनी होने के नाते भाजपा को समर्थन देते हुवे भाजपा ज्वाईन कर रहा हूं।
इस मौके पर जिला अध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व मिडिया सलाहकार राजीव जैन,ललित बत्रा,राई के विधायक एवं प्रदेश महामंत्री मनोहर लाल बडौली,पूर्व केबिनेट मंत्री कविता जैन,प्रदेश सचिव किरण बाला,योगेश पाल अरोडा,युवा जिला अध्यक्ष बीजेपी योगेश जठेडी,मिडिया टीम व अन्य मौजूद रहे।

**कुनबा बढ़ा**

**8 मनीष राई को त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा के प्रभारी बिपलव देव ने बीजेपी मे स्वागत किया**

# 'कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित की पुष्पांजलि'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**विश्व को** सत्य व अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले सादगी की प्रतिमूर्ति राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित करते हुए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजीव गांधी पंचायती राज संगठन हरियाणा कांग्रेस के एडवोकेट मनोज गोहाना ने आज गोहाना की पुरानी अनाज मंडी में की गई। भारत रतन लाल बहादुर शास्त्री जी को नमन करते हुए मनोज गोहाना ने कहा की विनम्रता सादगी और सरलता उनके व्यक्तित्व में एक विचित्र प्रकार का आकर्षण पैदा करती थी।
मनोज गोहाना ने साबरमती के महात्मा गाँधी जी को नमन कर कहा कि गांधी मरा नहीं करते गोलियों की बौछारों से, गांधी जीवित हैं गांधीवादी विचारधारा से"क उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी जी ने पढ़ाई इंग्लैंड से की, अफ्रीका में स्थापित बैरिस्टर थे और जब वह भारत आये और तो उन्होंने देखा की देश में चारों तरफ गरीबी है, उन्हें आभास हुआ कि भारत कि असंख्य जनता बिना वस्त्र के जीवन व्यतीत करती है तो उन्होंने वस्त्र त्याग कर पूरी दुनियां को त्याग और बलिदान का संदेश दिया। जैन ने कहा की गाँधी जी ने देश के किसानों, श्रमिकों और नगरीय श्रमिकों को अत्यधिक भूमि कर और भेदभाव के विरुद्ध आवाज उठाने के लिये एकजुट किया। सन 1921 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बागडोर संभालने के बाद उन्होंने देशभर में दरिद्रता से मुक्ति दिलाने, महिलाओं के अधिकारों का विस्तार, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण व आत्मनिर्भरता के लिये अस्पृश?यता के विरोध में अनेकों कार्यक्रम चलाये। इन सबमें विदेशी राज से मुक्ति दिलाने वाला स्वराज की प्राप्ति वाला कार्यक्रम ही प्रमुख था। गाँधी जी ने ब्रिटिश सरकार द्वारा भारतीयों पर लगाये गये लवण कर के विरोध में 1930 में नमक सत्याग्रह और इसके बाद 1942 में अंग्रेजो भारत छोड़ो आन्दोलन से विशेष विख्याति प्राप्त की कमनोज गोहाना ने कहा की महात्मा गाँधी जी ने चरखा चलाकर खुद कपड़ा बनाकर असहयोग आंदोलन की शुरूआत की थी कि सभी भारतीय अपना कपड़ा स्वयं बनाऐंगे और अंग्रेजों से कोई कपड़ा नहीं खरीदेंगे। उस समय चरखा गांधी जी के लिए सूत कातने का यंत्र ही नहीं था बल्कि परिवर्तन का शस्त्र था। जैन ने कहा कि चरखा आजादी की लड़ाई में स्वालंबन का प्रतीक बना और महात्मा गांधी का मानना था कि चरखा परिवर्तन के लिए दिव्य हथियार है।
इस अवसर पर बिजेंद्र जैन, अनिल बंसल,राजेन्द्र जैन, महावीर भाजवान, सुरेंद्र चौहान,देवेंद्र दुराना, अमित बुटाना, दिनेश कुमार,अंकित शर्मा, रवि कुमार, संजय शर्मा, जतिन शर्मा, मोहित, अंकुर आदि मोजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### कुवि में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया नमन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर विश्वविद्यालय के श्रीमद भगवद गीता सदन के प्रांगण में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा व विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन हर भारतवासी के लिए महत्व रखता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जन-जन को जोड़ने का काम किया और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश को अंग्रेजो से मुक्त करवाते हुए दुनिया को एक नया रास्ता दिखाया। इस मौके पर सभी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।
इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. शुचिस्मिता, प्रो. नीलम ढांडा, प्रोफेसर परमेश कुमार, मुख्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता, परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह, डॉ. सोमवीर जाखड़, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. गुरचरण सिंह, डॉ. आनंद कुमार, डॉ. अजय कुमार, डॉ. जितेन्द्र खटकड़, डॉ. रामचन्द्र, एक्सईएन राजपाल, डॉ. हरविन्द राणा व विदेशी छात्रों सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गांधी जयंती पर गांव कैलाना मेंआयुष्मान सभा में बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया



**गन्नौर: गांधी जयंती** के मौके पर गांव कैलाना में हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर किया गया । आयुष्मान ग्राम सभा का आयोजन । सभा की अध्यक्षता सरपंच ज्योति रानी ने की । सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अशीष ने सभा को सम्बोधित करते हुए बताया कि हर शनिवार को हैल्थ मेला का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे 12 प्रकार की सर्विस प्रदान की जा रही है ।समय पर अपने बच्चों का टीकाकरण करवाने वाले अभिभावकों की चिकित्सकों ने सराहना की । स्वास्थ्य सेवाओं एवं योजनाओं के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया गया। ग्राम सभा में रघबीर, बिजेंद्र,दलबीर, समुंदर सिंह,सतीश कुमार, सुभाष, बल राज सिंह, राकेश,नवीन,साहिल, मौजद रहे ।

### आवारा पशुओं से धूलकोट के कई लोग हुए घायल

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला शहर** के गांव धूलकोट में बेसहारा पशुओं की भरमार हो रही है। जिसके कारण लोगो को घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया है। गांव के ही रहने वाले बलकार सिंह ने बताया कि कुछ ही दिन पहले उसकी पत्नी मनप्रीत कौर वायू सेना क्षेत्र स्थित हर्बल पार्क में सैर करने के लिए गई थी। इसी दौरान एक पशु ने उस पर हमला करते हुए चोटिल कर दिया था। लेकिन किसी तरह से मनप्रीत ने अपनी जान बचा ली। जिसके चलते आस पास के क्षेत्र में खौफ का माहौल बना हुआ है।
धूलकोट के ही रहने वाले इंद्रजीत सिंह, सुरजीत सिंह, कमलप्रीत सिंह, चरणजीत, स्वर्णजीत सिंह, डॉ हरनेक सिंह व बलजीत ने बताया कि बीती 22 सितंबर को वे बेसहारा पशुओं की शिकायत को लेकर निगम आयुक्त से भी मिले थे। लेकिन अधिकारियों की ओर से उन्हे कोई आश्वासन नहीं मिला और न ही उनकी समस्या का अभी तक कोई हल निकला है। उन्होनें प्रशासन से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द उन्हे इस समस्या से निजात दिलाई जाए।

# सेवा ट्रस्ट यू-के (इंडिया) द्वारा बच्चों को स्वस्थ भारत अभियान के लिए जागरूक किया



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**2 अक्टूबर** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष में गांव फाजलपुर सोनीपत मे प्रवासी मजदूरों के बच्चों को स्वस्थ भारत अभियान के लिए जागरूक किया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश कुमार शर्मा ने की। संस्था से सुरेश कुमार शर्मा ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा आरम्भ किया गया राष्ट्रीय स्तर का अभियान है जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों को साफ-सुथरा करना और कूड़ा साफ रखना है। इससे हमारे आसपास का वातावरण भी स्वच्छ रहेगी! स्वच्छता रहेगी तो हम अनेक बीमारियों से बच सकते हैं! हिंदी प्राध्यापक दिलबाग सिंह ने बताया कि संस्था बच्चों का मनोबल बढ़ाने और सामाजिक कार्य के लिए बढ़ चढ़कर भाग लेती है!और संस्था के सभी सदस्यों का तहे दिल से धन्यवाद किया संस्था से सुनील (सिले) ने अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से सभी बच्चों को इम्यूनिटी बूस्टर किट भेट की
इस अवसर पर प्रवीण वत्स, विनोद भारद्वाज, अध्यापक दिलबाग,नरेंद्र,,गीता हिंदी अध्यापक, लकी रोहिल्ला उपस्थित रहे।

# गुरपिंदर सिंह के घर हजारों की नकदी चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मुलाना** के गांव नजदीक सिरसगढ़ में पेट्रोल पंप के अपोजिट कॉलोनी में साबुन फैक्ट्री के पास गुरपिंदर सिंह ग्रेवाल के घर पर दिनदहाड़े चोरों ने हाथ साफ किया। गुरपिंदर सिंह ग्रेवाल एमएम यूनिवर्सिटी में नौकरी करता है वह सुबह ड्यूटी पर चला गया। उनकी माताजी दोसड़का में ही अपनी बहन के घर परिवार सहित चले गए। जब वह शाम को 6:00 बजे घर पहुंचे तो देखा कि चोरो ने घर का ताला तोड़कर अंदर रखा है। घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था, चोरो ने ट्रंक, अलमारी सब चोरों ने खंगाली हुई थी। उन्होंने बेटे को फोन किया, उनके बेटे गुरपिंदर सिंह ग्रेवाल घर पहुंचे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि चोर नुकसान तो बहुत कर सकते थे फिलहाल वह सात हजार रुपए नगदी लेकर चले गए हैं। हमने इसकी मुलाना थाने में एफआईआर करवाई है ताकि चोर पकड़े जाएं और गांव व आसपास चोरी की वारदात ना हो। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की है कि सभी अपने आसपास और असामाजिक तत्वों पर नजर रखें। अगर किसी को ऐसे असामाजिक नशेड़ी या चोर का पता चले, शक हो तो तुरंत पंचायत, प्रशासन को सूचित करें।

# देश के वीरों को याद करने का अनोखा अवसर है अमृत कलश यात्रा: कंवलजीत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)जिला परिषद** की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि देश के वीरों को याद करने के लिए अमृत कलश यात्रा एक अनोखा अवसर है। इन कार्यक्रम के माध्यम से देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों को याद किया जा रहा है। इसके साथ गांव की माटी को कलश में एकत्रित करके दिल्ली में भेजा जा रहा है। जिप चेयरमैन कवंलजीत कौर पिहोवा खंड के गांव हमीरा फार्म पर मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित खंड स्तरीय कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर, सरपंच विजय कुमार, ग्राम सचिव पोलूराम, परियोजना अधिकारी मनरेगा मनोज कुमार ने कलश में माटी डाली और यात्रा का शुभारंभ किया। इस दौरान वीरों को याद किया। जिप चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से पूरे देश में अमृत कलश यात्राएं निकाली जा रही है। सभी यात्राएं पूरे जोश और उल्लास के साथ निकाली जा रही है।

# विश्व हिंदू परिषद व बजंरग दल की बैठक हुई सम्पन्न

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला छावनी के बब्याल क्षेत्र में स्थित बाबा बालक नाथ मंदिर में विश्व हिंदु परिषद व बजंरग दल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता रमेश जोश ने की। बैठक में संगठन के विस्तार, नारी शक्तिा को बढ़ावा देने व युवाओं को अपने धर्म तथा गौ रक्षा के प्रति जागरूक करने के बारे में चर्चा की गई।
इस दौरान दुर्गा वाहिनी की नेहा सिंह ने कहा की संस्था का उद्देश्य सेवा, सुरक्षा व संस्कार देना है। इसके साथ ही गौरक्षा भी प्रमुख कार्यो में शामिल है। जिसके तहत गौ तस्करी पर रोक लगाई जा रही है।

# विधायक ने सफाई कर्मियों को नारियल पानी के गिफ्ट पैक वितरित किए



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
गांधी जयंती के अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा कुरुक्षेत्र के सभी सफाई कर्मचारियों को नारियल पानी के गिफ्ट पैक वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थानेसर के विधायक सुभाष सुधा रहे सबसे पहले उन्होने सेवा ट्रस्ट टीम के साथ गांधी जी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि सत्य, अहिंसा एवं शांति के पथप्रदर्शक महात्मा गांधी जी की जयंती पर कुरुक्षेत्र में स्वच्छता के लिए सभी ने मिलकर श्रमदान किया। आइये, हम सभी मिलकर एक स्वच्छ और स्वर्णिम भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने वाले कर्मचारियों को सेवा ट्रस्ट यूके भारत की को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से सम्मानित किया गया। सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने कहा कि आज का दिन कोई सामान्य दिन नहीं है यह आजादी ,वीरता और संघर्ष का प्रतीक है । यह उस स्मृति को ताजा करता है , जब ब्रिटिश शासन के खिलाफ संघर्ष और आजादी की ललक ने सभी देश भक्तों को गांधी जी के नेतृत्व मे एकजुट किया था जिसके फलस्वरूप भारत को आजादी मिली थी। आज गांधी जयंती के अवसर पर अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से सभी सफाई कर्मचारियो को रियल नारियल पानी के गिफ्ट पैक उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस मौके पर सेवा ट्रस्ट के खंड थानेसर कॉर्डिनेटर राजेश सेन, पूजा सैनी, सुमन्त सैनी, रमेश गुप्ता, दिलबाग सिंह, राजेश कुमार, विजय पंघाल , राष्ट्रीय सेवा योजना की वालंटियर स्नेहा उपस्थित रहे।

# 'हम रहे ना रहें ये देश मजबूत रहना चाहिए'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**हम रहे ना** रहें ये देश मजबूत रहना चाहिए और यह झंडा लहराता रहना चाहिए, हर देशवासी का कर्तव्य है की जब स्वतंत्रता और अखंडता खतरे में हों तो पूरी शक्ति से मुकाबला करना और एक साथ मिलकर किसी भी तरह के बलिदान के लिए तत्पर रहना। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर के साथ चार महिला स्थित शास्त्री पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जन्म जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद कहा कि उक्त विचार हमे लाल बहादुर शास्त्री जी ने दिये। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय शास्त्री जी ने हमें सिखाया कि देश के प्रति निष्ठा सभी निष्ठाओं से पहले आती है इसलिए किसी को यह प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिए की उस निष्ठा के बदले हमें क्या मिला।
राजीव जैन ने कहा कि जय जवान जय किसान का नारा देते हुए शास्त्री जी ने कहा था कि जब तक हम अपने किसानों के अधिकारों का पूरा समर्थन नहीं करते और सैनिकों का सम्मान नहीं करते तब तक हमारा विकास का सफर पूरा नहीं होगा। उन्होंने हमें बताया कि देश की तरक़्की के लिए हमें आपस में लड़ने की बजाए गरीबी और अज्ञानता से लड़ना चाहिए। राजीव जैन ने कहा कि एक गरीब परिवार में जन्म लेकर शास्त्रीजी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह देश को मजबूत करने का काम किया।
पूर्व मंत्री अनिल ठक्कर ने कहा कि हमें पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी के विचारों पर चलकर देश सेवा का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में पार्षद मनजीत सिंह, पार्षद लक्ष्मीनारायण, पारस हसीजा, मनोज सचदेवा, रजनीश, अंकित तेजपाल, अनमोल हसीजा, ललित तलवार, सचिन आदि मौजूद रहे।

# यूनिक टीम ने बंटी इलेवन को हराकर ट्राफी पर कब्जा किया

**यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन अजय गोयल व पार्षद शमशेर सैनी, हरविंदर त्यागी ने विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए**




**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**यूनिक क्रिकेट** स्टेडियम शेखपुरा गन्नौर चल रहे 'यूनिक द हंड्रेड कप' क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत फाइनल मैच में यूनिक टीम ने बंटी इलेवन को 9 विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया । टॉस जीतकर पहले खेलते हुए बंटी इलेवन अंकुश जांगड़ा के 34 रन की मदद से सिर्फ 121 रन ही बना सकी, यूनिक टीम के लिए सुमित पहल और रवि देशवाल ने 3-3 विकेट लिए । कप्तान सतपाल सैनी के 31 गेंद में 76 रनों की बदौलत यूनिक टीम ने सिर्फ 1 विकेट पर ही 122 रन बनाकर टूनार्मेंट जीत लिया, रवि देशवाल को मैन ऑफ द मैच तथा सतपाल सैनी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया । टूनार्मेंट में सतपाल सैनी ने 284 रन व रवि सैनी 264 रन तथा विरेंद्र विन्नी 15 विकेट व सुमित पहल 11 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ रहे। अंकुश जांगडा श्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुने गए।
टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने भाग लिया । फाइनल मैच में नगर पालिका गन्नोर के पार्षद शमशेर सैनी, लायंस क्लब गन्नौर के जोनल अध्यक्ष हरविंदर त्यागी और यूनिक स्टेडियम के चैयरमेन अजय गोयल ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी प्रदान की। इस अवसर दिनेश धनखड़, धर्मेन्द्र,रविंद्र मास्टर, प्रदीप फौगाट, सचिन त्यागी, दीपक मलिक,सोमबीर, अंकुश सैनी, रविंद्र कटारिया, प्रवीण सहरावत आदि मौजूद रहे।

# अम्बाला छावनी के 31 वार्डों की मिट्टी जाएगी दिल्ली

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी के जीएमएन कॉलेज में नगर परिषद अंबाला छावनी द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत अंबाला छावनी के अंतर्गत आने वाले सभी 31 वार्डों की मिट्टी कलश में डाल नेहरू युवा केंद्र अंबाला को सौंपी गई। इस अवसर पर अंबाला के अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। अंबाला छावनी नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह ने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को मनाते हुए आज यह कलश नेहरू युवा केंद्र का सौपा गया है। अब यहां से कलश को दिल्ली भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए गर्व की बात है कि देश के सभी प्रांतों से मिट्टी एकत्रित कर दिल्ली भेजी जा रही है। जहां पर वाटिका का निर्माण किया जाएगा। वहीं इस मामले में अंबाला से स्वच्छ भारत मिशन की कॉडिनेटर रीतू शर्मा ने बताया कि आज नगर परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि आज कार्यक्रम को लेकर युवाओं में भारी उत्साह था।
नेहरू युवा केंद्र को एक कलश सौंपा गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यह एक बहुत अच्छी सोच है।

# कई शहरों को दहलाने की थी साजिश

## स्पेशल सेल लंबे समय से इंडियन मुजाहिदीन और आईएसआईएस सरगना पर नजर रख रही है, इसके परिणाम स्वरूप ऐसे कई मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस की स्पेशल सेल ने एनआईए के मोस्ट वांटेड आईएसआईएस टेरर मॉड्यूल के आतंकी इंजीनियर शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा समेत तीन को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी एचजीएस धालीवाल ने कहा, स्पेशल सेल लंबे समय से इंडियन मुजाहिदीन और ईएसआईएस सरगना पर नजर रख रही है। इसके परिणाम स्वरूप ऐसे कई मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है। वहीं एजेंसी को यह भी पता चला कि गिरोह ने कोल्हापुर, सांगली और सतारा में स्थानों का दौरा किया था। स्पेशल सीपी के मुताबिक, इसी कड़ी में स्पेशल सेल ने पिछले महीने तीन लोगों के खिलाफ इनाम घोषित किया था, जिन पर विभिन्न धमाकों के मामलों में शामिल होने का आरोप था। मुख्य आरोपी शाहनवाज को उसके दो अन्य साथियों के साथ सुबह गिरफ्तार किया गया। एक अन्य आरोपी मोहम्मद रिजवान फरार है। उन्हें अदालत में पेश किया गया और सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मिली है। जब उनके ठिकानों पर छापेमारी की गई तो बम बनाने की सामग्री समेत तबाही मचाने वाले उपकरण बरामद किए गए हैं। स्पेशल सीपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आंतकियों में मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहनवाज है और उसे दो साथी मोहम्मद रिजवान अशरफ, तीसरा अरशद वारसी है। मोहम्मद रिजवान अशरफ मौलाना भी है। मोहम्मद रिजवान अशरफ को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। मोहम्मद अरशद वारसी को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया गया। इनको सुबह कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट से सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड मिली है। उन्होंने कहा कि जब इनके ठिकानों पर रेड की गई तो विस्फोटक बनाने की तमाम सामग्री बरामद हुई है, जोकि अलग-अलग जगह से हासिल की गई है। मोहम्मद शाहनवाज के ठिकाने से यह सब बरामद हुआ है। जिसमें पिस्टल, कार्ट्रिज और बम बनाने की अलग-अलग विधि मिली है, जिसे पाकिस्तानी हैंडलर्स ने उपलब्ध कराया था। तमाम प्रकार के घातक रासायन, जिनके इस्तेमाल से ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाया जा सके उनके इस्तेमाल की विधि आदि मिली है।






### पुणे पुलिस की गिरफ्त से भाग गए थे आतंकी

**शाहनवाज** और दो अन्य मोहम्मद इमरान मोहम्मद यूनुस खान और मोहम्मद यूनुस मोहम्मद याकूब साकी को पुणे पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार किए थे। जब पुलिस उन्हें तलाशी के लिए पुणे के कोंढवा स्थित उनके आवास पर ले जा रही थी तो शाहनवाज पुलिस वाहन से कूद गया और भागने में सफल रहा।

**आतंकवादियों के पास से मिली कई सामाग्री:** पुलिस को आरोपियों के लैपटॉप और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। साथ ही 500 जीबी डेटा भी मिला है। जिसमें बम बनाने के यूट्यूब वीडियो के लिंक और विभिन्न स्थानों की गूगल से ली गई तस्वीरें हैं। जांच के दौरान यह पता चला कि एक विदेशी-आधारित हैंडलर ने संभवतः फरवरी में आतंकी हमले को अंजाम देने के निर्देश के साथ शाहनवाज को इमरान और यूनुस के संपर्क में रखा था। 10-15 दिनों के बाद शाहनवाज कथित तौर पर रिजवान को दिल्ली लाया गया।

**कौन है आतंकी शाहनवाज उर्फ शैफी उज्जमा?**
शाहनवाज एक माइनिंग (खनन) इंजीनियर है। वह पुणे से भागकर दिल्ली आ गया था। तभी से यहां रह रहा है। पिछले महीने एनआईए ने पुणे आईएसआईएस (इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया) मॉड्यूल मामले में वांछित शाहनवाज सहित चार आतंकी संदिग्धों की तस्वीरें जारी की थीं। साथ ही तीन लाख रुपये का इनाम भी रखा था।

**खुलासा**

**8 एजेंसी को यह भी पता चला कि गिरोह ने कोल्हापुर, सांगली और सतारा में स्थानों का दौरा किया था**

# चाकू घोंपकर युवक की हत्या, हमलावर फरार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दक्षिण पूर्वी दिल्ली के गोविंदपुरी थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर फरार हो गये। आसपास के लोगों ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मरने वाले की पहचान विकास के रूप में हुई है।

उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना रविवार शाम की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी फोरेंसिंक टीम के साथ पहुंच गई। गोविंदपुरी थाना पुलिस ने हत्या सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना किस वजह से हुई इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए वारदात वाली जगह पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

**वारदात**

**8 घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी फोरेंसिंक टीम के साथ पहुंच गई**

# दिल्ली पुलिस की महिला कांस्टेबल ने की खुदकुशी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दक्षिण पश्चि**म जिले के किशनगढ़ थाने में तैनात महिला कांस्टेबल ने फांसी लगाकर खुदकुंशी कर ली। महिला का शव आज सुबह महरौली स्थित उनके घर से बरामद हआ। पुलिस ने बताया कि यह महिला मिजोरम की रहने वाली थी। वह महरौली के वार्ड नंबर 2 में किराए के मकान में रह रही थी। सुबह घटना के बारे में पीसीआर को सूचना मिली थी। मामले में आगे की जांच की जा रही है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। महिला का नाम लालथेन माविल है। वह दिल्ली पुलिस की फॉर्थ बाटालियन के बैंड में तैनात थी। वह किशनगढ़ थाने में ड्यूटी कर रही थी। पुलिस को घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



# कोषाध्यक्ष बनने के बाद माकन ने की खड़गे से मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के नव नियुक्त राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से सोमवार को मुलाकात की। मुलाकात को फोटो कांग्रेस ने एक्स पर साझा कर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शिष्टाचार भेंट की। उल्लेखनीय है कि कल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय माकन को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नियुक्त किया। इससे पहले यह जिम्मेदारी पवन कुमार बंसल संभाल रहे थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री माकन की नियुक्ति की जानकारी पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर दी थी।



# डीयू में नौकरी की भरमार

## अब हर महीने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने की तैयारी

**नौकरी की बहार**

**8 डीयू का प्लेसमेंट सेल हर महीने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** विश्वविद्यालय में अब छात्रों के लिए हर माह नौकरी के दरवाजे खोलने की तैयारी हो रही है। डीयू का प्लेसमेंट सेल हर महीने प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने की योजना पर काम कर रहा है। यदि सब ठीक रहा तो शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए इस माह के मध्य से (15 अक्तूबर) प्लेसमेंट में हिस्सा लेने के लिए पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो सकती है। उसके बाद कैंपस में कंपनियों का आना शुरू हो जाएगा। हर माह प्लेसमेंट सेशन आयोजित करने के पीछे प्रशासन का प्रयास प्लेसमेंट में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक छात्र को नौकरी दिलाना है। डीयू में नया सत्र शुरू होने के बाद प्लेसमेंट सेल की ओर से पंजीकरण प्रक्रिया को शुरू किया जाता है। प्लेसमेंट सेल में पंजीकृत छात्रों को ही कंपनियों के समक्ष लिखित परीक्षा या साक्षात्कार देने का अवसर मिलता है। सेल प्रति वर्ष अक्तूबर से मार्च-अप्रैल तक पांच से छह प्लेसमेंट सेशन आयोजित करता है। डीयू की सेंट्रल प्लेसमेंट इंचार्ज प्रो हेना सिंह ने बताया कि हम प्रत्येक माह प्लेसमेंट सेशन आयोजित करने की योजना पर काम कर रहे हैं। इसे अक्तूबर के मध्य तक ही अंतिम रूप दिया जा सकेगा। हर माह प्लेसमेंट सेशन आयोजित होने से छात्रों को नौकरी के ज्यादा अवसर मिल सकेंगे। वहीं कंपनियों को भी अच्छे छात्रों की आवश्यका होती है। पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने के बाद कैंपस में कंपनियां आना शुरू हो जाएंगी। अभी छोटी-बड़ी व नई-पुरानी कई कंपनियों से बातचीत जारी है। हमारी यह कोशिश है कि प्लेसमेंट सेशन में हर छात्र को नौकरी का बेहतर ऑफर हो। बीते साल हुए प्लेसमेंट सेशन के दौरान स्नातक स्तर के 600 से अधिक छात्रों को 3.5 लाख से लेकर 12.5 लाख रुपये तक के जॉब ऑफर प्राप्त हुए थे। डीयू का प्रयास है कि इस साल के ऑफर बीते साल से अधिक हो पैकेज भी अच्छा मिले।

**नवंबर में जॉब मेला होगा आयोजित:** डीयू का सेंट्रल प्लेसमेंट सेल छात्रों को नौकरी दिलाने के लिए जॉब मेला आयोजित करने की योजना भी बना रहा है। इसे नवंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक आयोजित किया जा सकता है।

# डिजिटल युग में पुराने सिक्के करा रहे हैं इतिहास से रूबरू



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुद्राएं** हमें इतिहास से रूबरू कराती हैं। ये मानव सभ्यता के क्रमिक विकास को समझने में मदद करती हैं। अगर मुद्राओं के माध्यम से बदलते समाज के साथ भारत और विश्व के दर्शन करने हैं तो चले आइए चांदनी चौक। डिजिटल युग में भी यहां लोग इन सिक्कों निहारते व इनकी जानकारी लेते दिख जाएंगे। चांदनी चौक की पटरियों के किनारे पुरानी सिक्कों की दुकानें अब भी यहां आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर इतिहास से रूबरू करा रही है। यहां पुराने सिक्कों की लगभग 80 के करीब दुकानें मौजूद हैं। इनके पास उन शासकों, साम्राज्य व सरकारों के सिक्के भी बिकते हुए मिल जाएंगे, जो अब इतिहास का हिस्सा हैं।

**पत्थर, टेराकोटा व धातु की दुर्लभ मुद्राएं हैं मौजूद:** यहां कुषाण, मुगल व ब्रिटिश काल के सिक्के दिखने में मामूली कीमत में मिल जाएंगे। आजादी पूर्व राजा-महाराजाओं, मुगल शासक, बादशाह व सुलतानों के राज में चलन में रहीं मुद्राओं का आकर्षक तो यहां हैं ही। आजादी के बाद देश में सिक्कों की विविधता से यहां साक्षात्कार होने का मौका मिल रहा है। यहां पत्थर, टेराकोटा व धातु की दुर्लभ मुद्राओं भी है, जो दो से ढाई हजार वर्ष पुरानी बताई जा रही हैं।

**दुर्लभ मुद्राएं**

**8 अगर मुद्राओं के माध्यम से बदलते समाज के साथ भारत और विश्व के दर्शन करने हैं तो चले आइए चांदनी चौक**

# किसानों ने शास्त्री जी को किया याद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के विजय घाट पर भारतीय किसान यूनियन वी और विभिन्न राज्यों से आए हुए किसानों ने लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर अपनी एकजुटता दिखाई। मंच पर कई नेता डीपी यादव, जय किशन, आंध्र प्रदेश के वाजिद अली व अन्य कई किसान नेता दिखाई दिए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र और राहुल गांधी तक सत्तारूढ़ और विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी 119वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनके विजय घाट स्मारक का दौरा किया और शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। धनखड़ ने कहा कि शास्त्री सादगी के प्रतीक थे और उनके प्रसिद्ध जय जवान, जय किसान नारे ने अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना करते हुए देश का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**एकजुटता**

**8 किसानों ने लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर अपनी एकजुटता दिखाई**

# किताबों की खुशबू बरकरार, राजधानी के पुस्तकालय गुलजार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दुनियाभर** की किताबें बेशक मोबाइल की स्क्रीन पर उपलब्ध हो जाती हैं, लेकिन हाथ में लेकर पुस्तक पढ़ने का क्रेज अभी भी कम नहीं हुआ है। खासकर डीयू, जेएनयू और जामिया विश्वविद्यालय के नजदीक के पुस्तकालयों में रोज काफी संख्या में युवा किताबें पढ़ने आते हैं। पुस्तकालयों में कभी-कभी तो सीट मिलना भी मुश्किल हो जाता है। चांदनी चौक स्थित दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के चेयरमैन सुभाष चंद्र कांखेरिया बताते हैं कि शहरों के तंग कमरों में पढ़ाई करने में बाधा आती रहती है, जबकि लाइब्रेरी में ऐसा नहीं है। यहां पढ़ाई पर फोकस करना ज्यादा आसान है। वहीं, यूपीएससी की तैयारी कर रहे राजीव बाहिर ने बताया कि वह दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में दो साल से आ रहे हैं। रोज करीब आठ घंटे यहीं गुजरते हैं। यहां हर तरह की पुस्तकें मिल जाती हैं। वहीं वर्चुअल पुस्तकों की बात करें तो देर तक मोबाइल या लैपटॉप पर पढ़ने से आंखों पर जोर पड़ता है।



**आंखों पर जोर डालता है मोबाइल:** जब कोई व्यक्ति मोबाइल फोन पर किताब पढ़ता है तो उसे तरह-तरह की दिक्कतें आती हैं जैसे आंखों पर जोर पड़ने की वजह से नींद नहीं आ पाती। इसके नतीजे अच्छे नहीं होते, जबकि किताबें पढ़ने वाले लोग ध्यान लगाकर और गहराई से चीजों को समझते हैं।

**उपलब्ध**

**8 यूपीएससी की तैयारी कर रहे राजीव बाहिर ने बताया कि वह दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में दो साल से आ रहे हैं**

# ट्रैफिक पुलिस ने काटा है चालान तो आठ अक्तूबर को चालान भरने का मौका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अगर आपका** कोई पुराना चालान बाकी है और अभी तक आपने उसे भरा नहीं है तो आप अपना ट्रैफिक चालान भर सकते हैं। दिल्ली में आठ अक्तूबर को सभी जिला कोर्ट में नेशनल लोक अदालत लगने जा रही है। जहां पर आप अपना कोई भी ट्रैफिक चालान भर सकते हैं। दिल्ली में ट्रैफिक चालान भरने के लिए 8 अक्तूबर को लोक अदालत लग रही है। आप राउज एवेन्यू कोर्ट, पटियाला हाउस, तीस हजारी, कड़कड़डूमा, द्वारका और साकेत कोर्ट जाकर इन चालानों को भर सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि किसी भी यातायात चालान/नोटिस के भुगतान के लिए 8 अक्तूबर 2023 दिन रविवार को दिल्ली के सभी न्यायालय परिसरों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। लंबित भुगतान योग्य यातायात चालान/नोटिस के भुगतान के लिए 8 अक्टूबर, 2023 (रविवार) को दिल्ली के सभी न्यायालय परिसरों में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

# आरएमएल अस्पताल में मरीजों को नहीं होगी दिक्कत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डॉ. राम मनो**हर लोहिया अस्पताल में उपचार करवाने आ रहे मरीजों को आने वाले दिनों में विभाग की जानकारी लेने के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। वे फ्लोर का रंग याद रखकर आसानी से वहां तक पहुंच सकेंगे। दरअसल अस्पताल में तैयार हो रहे सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में हर विभाग का अलग रंग होगा। अगले साल अप्रैल माह में यह ब्लॉक बनकर तैयार हो जाएगा। लुटियन जोन के इस सबसे बड़े सेंटर में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी।

**इन रंगों से होगी फ्लोर की पहचान:** अस्पताल सूत्रों की मानें तो आईसीयू के लिए हरा रंग, न्यूरोलॉजी के लिए नीला रंग, कार्डियोलॉजी विभाग के लिए सलेटी रंग, प्लास्टिक सर्जरी के लिए बैंगनी रंग, एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के लिए हल्का नीला रंग, ऑपरेशन थियेटर के लिए मध्यम नीला रंग चुना गया है। इसके अलावा कैंसर, बाल रोग विभाग, यूरोलॉजी, किडनी रोग विभाग सहित अन्य विभागों के लिए रंगों का चयन किया जा रहा है। अस्पताल सूत्रों की मानें तो ब्लॉक का निर्माण मार्च तक पूरा हो जाएगा। इससे पहले सभी विभागों को बेड और उचित जगहों का आवंटन हो जाएगा। आवंटन के आधार पर जगहों को उक्त रंगों से पेंट किया जाएगा। डॉक्टरों का कहना है कि हर रंग का अपना महत्व है।




**रोजाना आते हैं 9-10 हजार मरीज:** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल की ओपीडी में हर दिन करीब 9 से 10 हजार मरीज उपचार करवाने आते हैं। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों को सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं की जरूरत होती है। अभी यह सेवाएं अस्पताल के ओपीडी बिल्डिंग में चल रही हैं। जहां मरीजों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है। ऐसे में ब्लॉक का निर्माण पूरा होने के बाद इन सभी सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं को ब्लॉक में शिफ्ट कर दिया जाएगा। नए ब्लॉक में जाने के बाद हर विभाग के पास पर्याप्त जगह होगी। इसका फायदा मरीजों को होगा। जगह बढ़ने से जहां सुविधाओं का विस्तार होगा वहीं ज्यादा मरीज उपचार करवा सकेंगे।

**समझना होगा आसान:** डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ज्यादातर मरीज उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, बिहार, झारखंड, उत्तराखंड व अन्य प्रदेश से आते हैं।

**रंगों से पहचान**

**8 अस्पताल में तैयार हो रहे सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में हर विभाग का अलग रंग होगा**

# फरार चल रहा बदमाश गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली पुलिस** की अपराध शाखा ने दो मामलों में फरार चल रहे बदमाश अशरू उर्फ लालू उर्फ अजरू को गिरफ्तार किया है। जिसे मांगेराम पार्क, से गिरफ्तार किया गया है। वह काफी समय से फरार चल रहा था। इससे पहले उसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में जमानत मिलने के बाद से वह फरार हो गया था। जिस वजह से उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस के मुताबिक इसी साल 10 जून को बुध विहार के इलाके में किसी मामूली बात पर झगड़ा हुआ था। जिसके बाद अशरू उर्फ लालू उर्फ अजरू, दीपक उर्फ पलटू, गौरव और बाबू नामके आरोपितों ने शिकायतकर्ता के घर में घुसकर गोलियां चलाईं थी। इस सन्दर्भ में थाना बुद्ध विहार में एफआईआर दर्ज की गयी थी। उस मामले में सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन आरोपित अशरू गिरफ्तारी से बच रहा था।



इससे चार साल पहले 2019 में गांव अलीपुर, दिल्ली में एक हार्डवेयर की दुकान पर मोटरसाइकिल पर 03 व्यक्ति आए और काउंटर पर बैठे व्यक्ति पर गोली चला दी।

इस मामले में भी आर्म्स एक्ट के तहत थाना अलीपुर में एफआईआर दर्ज की गयी थी। जांच के दौरान यह पता चला कि अशरू ने अपने साथी आकाश उर्फ खब्बू और अनुराज के साथ वारदात को अंजाम दिया था। बाद में आरोपित अशरू और उसके दोनों साथियों को अवैध हथियारों के साथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

**काबू**

**8 उसे आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में जमानत मिलने के बाद से वह फरार हो गया था**

## न्यूज फ्लैश

### आरोपियों को गिरफ्तार ना करने पर पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाए आरोप

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना सनौली** खुर्द पुलिस पर गंभीर आरोप लगे हैं। आरोप लगाए हैं गांव कुराड़ के मृतक राधेश्याम के परिजनों ने। मृतक के भतीजे राममेहर पुत्र महेंद्र ने सनौली खुर्द थाना पुलिस पर आरोप लगाया है कि वह संतोषजन जवाब तक नहीं देते कारवाही तो बहुत दूर की बात है। उल्टा उन्हें ही कहते हैं कि ढूंढ कर बता दो आरोपी कहां पर हैं वों गिरफ्तार कर लेंगे। उनके पास केवल एक यही केस नहीं है दूसरे मामले भी देखने होते हैं। पुलिस यह आरोप पीड़ित राममेहर ने आन लाइन पुलिस अधीक्षक को की शिकायत में लगाते हुए मांग की कि उनका यह मामला सीआईए को सौंपा जाए। शिकायत में राममेहर ने पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत को लिखा है कि उनके चाचा गांव कुराड़ वासी राधेश्याम को 6 सितंबर को गांव के कुछ लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिन्हें गंभीर हालात के चलते रोहतक पीजीआई में दाखिल कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान घायल राधेश्याम की गत 28 सितंबर को मौत हो गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभी तक दो ही आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों को गिरफ्तार नहीं कर रही है। जिससे उनके परिवार के मन में डर बना हुआ है। फरार आरोपी अपने बचाव के लिए कभी भी उन पर हमला कर सकते हैं। शिकायत में पुलिस अधीक्षक से मांग की गई है कि इस केस की जांच सीआईए को सौंपी जाए। वहीं इस बारे में जब थाना प्रभारी सुनील से बात की गई तो उनका कहना था कि इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स ने स्वच्छता अभियान चलाया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**हिंदुस्तान स्काउट्स** एवं गाइड्स पानीपत कार्यकारिणी द्वारा कुलदीप दहिया जिला शिक्षा अधिकारी कम जिला चेयरमैन के मार्गदर्शन में जिले में २ अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों, राजकीय विद्यालयों, सामुदायिक भवनों में साफ सफाई की गई। मुख्य समारोह राजकीय माध्यमिक विद्यालय जालपाड में आयोजित किया गया। इस दौरान जिला सचिव विनोद वत्स ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स गाइड्स कार्यकारिणी मुख्यालय के आदेश अनुसार हर गतिविधि को सामूहिक रूप से आयोजित करती है। नोडल अधिकारी दीपक कपूर के मार्गदर्शन में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने स्टाफ सदस्यों के साथ विद्यालय प्रांगण की सफाई की।

### भाजपा ने खिलाड़ियों के हित की नीति बनाईः किवाना

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**गोयला खेडा** गांव में युवा स्पोर्टस कल्ब की और से वालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिला भाजपा महामंत्री कृष्ण छौक्कर किवाना ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन खेडा के साथ रिबन काटकर रविवार का प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। किवाना ने युवाओं को कहा कि वो शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी बढ चढ कर भाग ले, क्योकि भाजपा की खेल नीति से आज प्रदेश का युवा खेलों के माध्यम से गांव व प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहा है। किवाना ने कहा कि कांग्रेस राज में खिलाड़ियों के साथ भेदभाव की नीति का प्रयोग किया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार ने काग्रेस की भ्रष्ट खेल नीति को बंद कर खिलाड़ियों के हित की नीति बनाई, जिससें आज देश का हर युवाओं खेलों की तरफ बढ रहा है। और देश में सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले खिलाड़ी भी हरियाणा प्रदेश के है जो कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की खेल नीति सें संभव हो पाया है। प्रवीन खेडा ने कहा कि युवा खेलों में आगे बढे अगर उन्हे कोई समस्या आती है तो उन्हे बताएं ताकि उकनी समस्या का समाधान किया जा सकें। इस मोके पर रोहताश,जयपाल,प्रमोद छौक्कर,कूष्ण,मा.विकास रावल,ओमकार रावल,बलबीर,अंकुश,जोनी रावल,नीटू रावल,मोहित,नीरज, सुरेन्द्र आदि अनेक मौजूद थें।

# जन आशीर्वाद से हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी: दीपेंद्र

## सांसद हुड्डा ने कांग्रेसी नेता जगदेव मलिक द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित किया

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत,कमाल हुसैन**



**राज्यसभा सांसद** दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस परिवर्तन की लड़ाई लड़ रही है। ड्डाजपा सरकार के पास दलबल की शक्ति है पर हमारे पास संघर्ष के लिए जनता के आशीर्वाद की शक्ति है। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्थाई रोजगार को खत्म कर कौशल और अग्निवीर जैसी स्कीम में तब्दील कर दिया। बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार, नशा तस्करी में हरियाणा नंबर वन हो गया। इन्होंने कुछ काम नहीं किया, सरकार का घमंड सातवें आसमान पर है। सांसद दीपेंद्र, रविवार की देर शाम कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी जगदेव मलिक के गांव उग्राखेडी स्थित फार्म हाउस पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। वहीं सांसद दीपेंद्र के सभा स्थल पर पहुंचने पर हजारों लोगों पुष्प वर्षा कर उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद दीपेंद्र ने हरियाणा में अपराध का ग्राफ बढने पर चिंता प्रकट करते हुए कहा कि पानीपत में हुए तीन महिलाओं के साथ गैंगरेप और एक महिला की हत्या घिनौना पाप है। वहीं प्रदेश सरकार की लचर कानून व्यवस्था के चलते प्रदेश में अपराध बढ रहा है।

राज्य में अपराध के ग्राफ को शुन्य करने प्रदेश सरकार को सख्त रूख अपनाना चाहिए। विधायक बलबीर वाल्मीकि व विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने भाजपा सरकार की नीतियों पर जमकर सवाल उठाए। जबकि जनसड्ढा के आयोजक व कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी जगदेव मलिक ने आरोप लगाया कि भाजपा-जजपा सरकार जनता का विश्वास खो चुकी है। हर वर्ग मौजूदा सरकार की नीतियों से परेशान है और प्रदेश में सत्ता का परिवर्तन चाहता है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में अगली सरकार का कांग्रेस की बननी तय है। जनसभा में कांग्रेसी नेता सूबेदार प्रताप सिंह, डॉ कर्ण सिंह कादियान, सचिन कुंडू, जगदीप मलिक, अरूण मोनू मलिक, राहुल मलिक, गौरव मलिक, निखिल मलिक समेत बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## किसान का चालान काटने गये अधिकारियों को किसान नेताओं ने बैठाया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला शहर** के निकटवर्ती गांव फतेहगढ़ जटवाड में एक किसान का चलान काटने गए कुछ अधिकारियों को ग्रामीणों ने ही अपने पास ही बिठा लिया। इस दौरान किसान यूनियन के अनेक सदस्य भी वहां पहुंचे। किसान यूनियन के पदाधिकारियों का कहना था कि अधिकारी पराली के नाम पर उनका चलान काटने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों के साथ नजायज किया जा रहा है।

वहीं अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि फतेहगढ़ जटवाड में खेतों में फसल अवशेषों पर आग लगाई गई थी। इसलिए वह आज यहां पहुंचे हैं। अधिकारियों का कहना था कि चलान काटने के लिए यहां आए थे। किसानों का कहना था कि प्रशासन को खेतों में लगी हुई आग तो दिखाई दे रही है लेकिन किसान का नुकसान दिखाई नहीं देता। पिछले दिनों बाढ़ के कारण किसानों का भारी नुकसान हुआ। यहां तक की कई किसानों के टयूबवैल भी खराब हो गए लेकिन सरकार को यह नुकसान दिखाई नहीं दिया। सरकार की इस नीति से किसानों में गहरा रोष है। किसानों का कहना था कि आज यहां पर जिन अधिकारियों को बिठाया गया है उन्हें लंगर चाय दी जाएगी लेकिन जाने तभी दिया जाएगा जब कोई प्रशासनिक अधिकारी यहां आकर किसानों से बात करने के लिए आऐंगे। उन्होने कहा कि हम अधिकारियों का पूरा मान-सम्मान करते है लेकिन जनता के साथ भी इस तरह की नीति नहीं अपनानी चाहिए।

## आशा वर्कर्स की हड़ताल 56वें दिन भी जारी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

आशा वर्कर्स की हड़ताल का लगातार 56 वां दिन है। आज के धरने की अध्यक्षता उप प्रधान सविता मलिक ने की व संचालन सह सचिव छवि ने किया। आज धरने पर है फिरोजपुर बांगर व सीएचसी खरखोदा ,सोनीपत अर्बन से पीएचसी सुभाष नगर व महावीर कॉलोनी की आशा वर्कर्स का धरने पर नंबर रहा। आज 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस है ।आज धरने पर इन दोनों महापुरुषों के जन्मदिन के अवसर पर किसान सभा के वरिष्ठ नेता कामरेड श्रद्धांनंद सोलंकी ने अपने विचार व्यक्त किए व इन दोनों महापुरुषों के जीवन से जुड़े हुई कुछ चचाएं हम सबके बीच में रखी और भारत के स्वतंत्रता संग्राम में इन दोनों की क्या भूमिका रही उसके बारे में भी विस्तार से चर्चा की। साथ हीसीटू के कोषाध्यक्ष कॉमरेड आनंद शर्मा ने भी कुछ चचाएं विस्तार से की । अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शनकारी आशा वर्करों ने डीसी दफ्तर से छोटू राम चौक तक पैदल मार्च निकाला और नारे लगाते हुए सरकार की आलोचना की सरकार जल्द से जल्द आशा वर्कर्स की मांगों और समस्याओं का न्यायोचित समाधान करें नहीं तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## अंबाला को स्वस्थ रखने में प्रत्येक व्यक्ति योगदान दे- जरनैल सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला छावनी में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंबाला सदर नगर परिषद में गांधी जयंती के अवसर पर सफाई कर्मचारियों, डोर टू डोर कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी जरनैल सिंह इस अवसर पर मुख्या अतिथि थे। उन्होंने कहा कि अंबाला सदर क्षेत्र को स्वच्छ रखने में अपना योगदान आवश्य दे।

उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाए। यह प्रत्येक व्यक्ति के लिए हानिकारक है। स्वच्छ भारत मिशन की कॉडिनेशन रीतू शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर लॉयंस क्लब के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## छावनी में आयोजित हुई दो द्विसीय मनोवैज्ञानिक आई क्यू टेस्टिंग वर्कशॉप

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पीडब्लू** डी विश्राम गृह में आयोजित वर्कशॉप में प्रदेश भर से आए मनोवैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। वर्कशॉप में देश के सुपर्सिद्ध मनोविज्ञानिक ;प्रोद्ध डॉक्टर द्वारका प्रसाद द्वारा पढ़ाया व सिखाया गया जो के डिपार्टमेंट ऑफ क्लीनिकल साइकोलॉजी पीजीआई चंडीगढ़ के रिटायर प्रोफेसर तथा रिहैबिलिटेशन काउंसिल आफ इंडिया के क्लीनिकल साइकोलॉजी कमेटी के पूर्व चेयरमैन है।अंबाला जिला के मानसिक स्वास्थ्य प्रोजेक्ट के नोडल अधिकारी डॉ राजेंद्र राय विशेष अतिथि रहे।

**वर्कशॉप**

**8 वर्कशॉप में देश के सुपर्सिद्ध मनोविज्ञानिक प्रो. डॉक्टर द्वारका प्रसाद द्वारा पढ़ाया गया**

मशहूर साइकैटरिस्ट डॉ शोभित ने भी अपनी मौजूदगी दर्ज करवाई। इस वर्कशॉप का आयोजन अंबाला के मनोविज्ञानी व माइंड थेरापयूटिक्स के डायरेक्टर डॉ कुलदीप सिंह व सहयोगी डॉ दीपशिखाए विनीता ने करवाया। उन्होंने बताया कि आई क्यू टेस्ट बहुत से फायदे है। जैसे कि आपकी मानसिक क्षमता का मापन और स्तर की जांचरू आई क्यू टेस्ट आपके मेंटल कैपेसिटी तथा क्षमता को मापता है जिससे आप अपने स्तर की जांच कर सकते हैं और बेहतर तरीके से उन्हें विकसित कर सकते हैं। जॉब इंटरव्यू तथा कैरियर विकल्पों में सहायतारू कई नौकरियों मेंए नौकरशाही परीक्षा में या अन्य चयन प्रक्रियाओं में कंपनी या सरकार आई क्यू टेस्ट से परख करती हैं। आपके आई क्यू टेस्ट स्कोर के आधार पर वे निर्णय लेते हैं। स्मार्ट और सफल व्यक्ति होने में मददरू आपकी ताकतए आत्मविश्वासए संवेदनशीलता और ज्ञान आपके आई क्यू टेस्ट स्कोर को प्रभावित करते हैं।

# श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारम्भ

## श्रीमद् भागवत कथा विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है, जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है: मच्छरौली

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**श्री श्याम रस** प्रचार मंडल द्वारा संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुआ। कलश यात्रा में शहर से हजारों की सख्या में श्रद्वालूओं ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने मुख्य रूप से शिरक्त की। इस दौरान कथा का शुभारम्भ पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने भागवत कथा को अपने सिर पर उठकर कलश यात्रा के साथ परिक्रमा करते हुए किया। पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने मंडल सदस्यों को सहयोग स्वरूप 1 लाख 51 हजार रुपए कथा में अर्पित किए। मच्छरौली ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा विश्व में सभी कथाओं में ये श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है, वो तीर्थ स्थल कहलाता है। इसमें भाग लेने का सौभाग्य उसे प्रभु के आशा्िर्वाद से मिला है। कथा वाचक किशोरी चित्रा जमदगिन ने कहा कि अगर कोई गलती से भी श्रीमद् भागवत कथा श्रवण कर लेता है, तो भी वो कई पापों से मुक्ति पा लेता है। इसलिए सात दिन तक चलने वाली इस पवित्र कथा को श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहिए।

**भागवत कथा**

**8 इस दौरान मुख्यातिथि के तौर पर पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली ने मुख्य रूप से शिरक्त की**

अगर कोई सात तक किसी व्यस्तता के कारण नहीं सुन सकता है, तो वह दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकाले तब भी वो इसका फल प्राप्त करता है, क्योंकि ये कथा भगवान श्री कृष्ण के मुख की वाणी है, जिसमें उनके अवतार से लेकर कंस वध का प्रसंग का उल्लेख होने के साथ-साथ इसकी व्यक्ति के जीवन में महत्ता के बारे में भी बताया गया है। इससे पूर्व मंडल सदस्यों ने पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री श्याम रस प्रचार मंडल समालखा के सदस्य मनोज शर्मा,प्रवीन,विकास जैन,नरेश मितल,पवन अग्रवाल आदि अनेक मौजूद थें।

## अमेटी यूनिवर्सिटी में जौरासी के मनोज सोतिया हुए सम्मानित

**शिक्षा रत्न समारोह**

**8 गांव जौरासी में भी खुशी का माहौल है। गांव के गणमान्य लोगों ने कहा कि मनोज ने गांव के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत कमाल हुसैन**

**पृथ्वी अभ्युदय** एजूकेटर्स एसोसिएशन इंडिया का राष्ट्रीय शिक्षा रत्न समारोह में देश भर के प्रमुख शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह समारोह पंजाब के मोहाली स्थित अमेटी यूनिवर्सिटी में आयोजित किया गया था। जिसमें गांव लक्ष्य इंटरनेशनल स्कूल के कोऑर्डिनेटर व जौरासी गांव निवासी मनोज सोतिया को उनकी शिक्षा के क्षेत्र में विशेष सेवाओं के लिए उनको सम्मानित किया गया। वहीं संस्था के चेयरमैन डॉ.हर्षवर्धन ने बताया कि पृथ्वी अभ्युदय एसोसिएशन इंडिया से देशभर के शिक्षाविद् जुड़े हैं, जो शिक्षा में नवाचार संबंधी संगोष्ठी करने के साथ-साथ शिक्षक समाज के मुद्दों को भी उठाते हैं। उन्होंने बताया कि पृथ्वी अभ्युदय एसोसिएशन इंडिया एक महत्वपूर्ण उद्देश्य को लेकर बनी है जो है शिक्षकों को आर्थिक रूप से सबल बनाना और शिक्षा से संबंधी आवश्यक बदलाव एवं नवाचार का क्रियान्वयन करना। वहीं मनोज कुमार सोतिया को शिक्षा रत्न से सम्मानित किए जाने से लक्ष्य स्कूल के संचालकों व स्टाफ में खुशी की लहर है। वही मनोज सोतिया के गांव जौरासी में भी खुशी का माहौल है। गांव के गणमान्य लोगों ने कहा कि मनोज ने गांव के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है।

## हमें महात्मा गांधी के बताए रास्ते पर चलना चाहिए,तभी उनके सपने को पूरा कर सकते है: बी.डी.पी.ओ.

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**स्वच्छता ही** सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी जयंती वह लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष में राजकीय उच्च विद्यालय बापौली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी शक्ति सिंह ने बतौर मुख्यातिथि व बापौली सरपंच डिम्पल रावल के पति एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवकुमार रावल ने बतौर अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में शिरक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिहं ने की। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि स्कूल के छात्र-छात्राओं ने नाटक व संगीत के माध्यम से स्वच्छता अभियान में देशभक्ति के गीत सुनाए।

## रेसलिंग प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई**

**राष्ट्रपिता** महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर अकबरपुर बारोटा गांव में अल्पासोर कंम्पनी के द्वारा रेसलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि कांग्रेस के युवा नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने शिरकत की । और मुख्य अतिथि शिरकत की । कार्यक्रम में पहुंचने पर एडवोकेट संजय आंतिल व कंम्पनी के डायरेक्टर सन्दीप दहिया , दीपक दहिया का युवाओं व कंपनी के कर्मचारियों ने स्वागत किया ।



प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा खिलाड़ियों ने भाग लिया। आंतिल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका प्रयास है कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों में छुपी खेल प्रतिभा निखरकर आगे आए । वे हमेशा से क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सक्रिय रहते हैं और समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम कराते रहते है। ताकि आज के युवा पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी क्षेत्र का नाम रोशन करते हुए अपना भविष्य उज्जवल कर सकें। कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका हौंसला बढ़ाया और खेल स्पर्धा को भाई-चारे से आगे बढ़ाते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संजय चौहाना प्रधान अकबरपुर बारोटा), देवराज (पूर्व प्रधान अकबरपुरं बारोटा) बलदेव, (पूर्व प्रधान काला चौहान (पंच), नीरज चौहान (पंच), मुकेश, संजय चौहान, सतपाल प्रधान (भैरा बांकीपुर, सुरेन्द्र दहिया, रोहताश दहिया, जितेन्द्र दहिया, रवि चौहान (पंच) आदि सभी ग्रामीण मौजूद थे।

# अवैध हथियारों सहित दो आरोपितों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेन्द्रगढ़**

**सीआईए** महेंद्रगढ़ की टीम ने अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया है। शहर महेंद्रगढ़ के क्षेत्र से सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने दो आरोपितों से अवैध हथियार बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों 3 देसी पिस्टल व 7 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।



इस मामले में पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गश्त के दौरान सतनाली चौक महेन्द्रगढ पर मौजुद थी। उसी समय टीम को सूचना मिली कि आशीष उर्फ छोटिया वासी खातौद व कुलदीप उर्फ टाईगर वासी कान्हावास थाना मांढन जिला अलवर (राजस्थान) अपने पास अवैध हथियार रखते हैं। कुलदीप व आशीष अब राज रैजिडेन्सी ओयो होटल माइचान मोहल्ला महेन्द्रगढ में अवैध हथियार सहित बैठे हैं। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित अवैध हथियार सहित काबू आ सकते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, कमरे में दो लडके बैठे मिले जो पुलिस को देखर इधरझ्रउधर भागने की कोशिश करने लगे। टीम ने दोनों लड़कों को काबू कर पता पुछा तो एक ने अपना नाम आशीष उर्फ छोटिया व दूसरे ने अपनी नाम कुलदीप उर्फ टाईगर उपरोक्त बतलाया। आशीष की तलाशी लेने पर उसके पास से दो देशी पिस्टल वा 5 जिंदा कारतूस मिले और कुलदीप की तलाशी लेने पर एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस मिले। आरोपितों के खिलाफ थाना शहर महेंद्रगढ़ में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

**काबू किया**

**8 आशीष की तलाशी लेने पर उसके पास से दो देशी पिस्टल वा 5 जिंदा कारतूस मिले**

## शूटिंग में गोल्ड मेडल जीत भारत पहुंचा सरबजोत सिंह, अंबाला में हुआ जोरदार स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**शूटिंग** में गोल्ड मेडल जीत भारत लौटे अंबाला के बेटे सरबजोत सिंह का एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत किया गया। सरबजोत के परिजन रविवार रात को दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच गए थे। सरबजोत के पिता जीतेंद्र सिंह, कोच अभिषेक राणा समेत अन्य परिजन व रिश्तेदार एयरपोर्ट पहुंचे। यहां ढोल की थाप के साथ फूल मालाएं पहना और लड्डू खिला सरबजोत का भव्य स्वागत किया।सरबजोत सिंह अंबाला के गांव धीन निवासी किसान जीतेंद्र सिंह का बेटा है।

सरबजोत ने चीन के हांगझोऊ में हुए 19 वें एशियन गेम्स में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। सरबजोत ने यह मेडल 10 मीटर एयर पिस्टल में हासिल किया। सरबजोत की'। इस उपलब्धि के बाद जश्न का माहौल है।कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत 2016 से उनके पास कोचिंग ले रहा है। किसान का बेटा होने के बावजूद शूटिंग के खेल में इस कद्र खुद को झोंक दिया है कि अभी तक करीब 21 मेडल हासिल कर चुका है। इस टीम में सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर बनाया है।

कोच अभिषेक राणा ने बताया कि सरबजोत लगभग 60 से 70 किलोमीटर का सफर तय करता था, लेकिन उन्होंने उसे कभी बाइक चलाने नहीं दिया, तभी उसने यह मुकाम हासिल किया है।

कोच ने कहा कि सरबजोत ने भारत को शूटिंग मे गोल्ड दिलाया है। अब सरबजोत को ओलिंपिक के लिए तैयार करेंगे।

# दिल्ली प्रांत पश्चिमी विभाग ने सम्मान समारोह का किया आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संपूर्ण भारतवर्ष** में गतियमान स्वावलंबी भारत अभियान के निमित्त दिल्ली प्रांत पश्चिमी विभाग द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम द्वारका स्थित पोचनपूर में किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल के साथ-साथ मुख्य अतिथि दीपक शर्मा (अखिल भारतीय सहसंपर्क प्रमुख, स्वदेशी जागरण मंच) मौजूद रहे। इसी के साथ ही आयोजन की अध्यक्षता बी एन निगम (चेयरमैन मॉडर्न इंटरनैशनल स्कूल द्वारका) ने की। पूर्व प्रांत संयोजक गोविंदराम अग्रवाल एवं पश्चिमी विभाग के कार्यवाह रूद्रपाल के साथ ही कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन पश्चिमी विभाग के संयोजक ब्रजभूषण आर्या, कार्यक्रम में पश्चिमी विभाग के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

वहीं हेमलता वरूण ने बताया कि इस आयोजन में स्वरोजगार के प्रति समाज को अपनी सेवाऐं प्रदान करने वाली विभूतियों को शॉल एवं पटका पहनाकर सम्मान किया गया। जिसमें मुझे भी स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने वाले प्रशिक्षण शिविर संयोजित करने के लिए शॉल एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया।

वहीं हेमलता ने कहा कि मैं विशेष आभार एवं धन्यवाद प्रेषित करना चाहूंगी अजय जोशी नांगलोई जिला संयोजक स्वदेशी जागरण मंच का जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग के कारण हम ऐसे प्रशिक्षण शिविर चलाने में सफलता प्राप्त कर पाऐं जिनके कारण अनेक लोग स्वरोजगार के प्रति प्रेरित होकर स्वावलंबी बन पाऐ।

# स्वच्छता अभियान पर पलीता लगा रहा है शकूरपुर वार्ड-62







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/महेंद्र सिंह**
**जहां एक** ओर तो पूरे भारत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिवस को स्वच्छता पखवाड़ा अभियान दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं, वहीं दूसरी ओर इसी स्वच्छता अभियान को भाजपा के चुनिंदा पार्षद मखोल उड़ाने में लगे हुए हैं। यहां पर हम बात कर रहें हैं त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर वार्ड़ नंबर-62 की। जानकारी के लिए बतां दे कि शकूरपुर वार्ड स्थित सम्राट सिनेमा के पास ई ब्लॉक की मुख्य सड़क ही कूड़ा घर में तब्दील हो चुकी हैं, मामले में हैरान करने वाली बात भी यह है कि वहीं सौ मीटर के दायरे में स्थानीय निगम पार्षद किशन बेमाड़ का भी कार्यालय हैं, बावजूद इसके ढ़लावघर के रूप में मुख्य सड़क का प्रयोग किया जा रहा हैं।
**क्या कहते हैं स्थानीय निवासी:**
निरंजन प्रसाद (स्थानीय निवासी) ने बताया हैं कि, यहां पर कूड़ा महीनों से पड़ा हुआ हैं तथा महीनों तक ही पडा रहता हैं।
विमलेश देवी (स्थानीय निवासी) बताती हैं कि यह आलम सिर्फ हमारे ई-ब्लॉक का ही नहीं हैं, कई गली मोहल्लों का गंदगी से बुरा हाल हैं, पार्षद साहब इलाके में बस महीने में एक आदी बार ही नजर आते हैं, वो भी बस फोटो खिचवाने के लिए काम के लिए नहीं। मोहल्ले पड़ोस वाले कई बार पार्षद से कूड़ा उठवाने के लिए बोल चुके हैं, लेकिन पार्षद साहब हर बार यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं कि दो-तीन दिन में कूड़ा उठवाकर सफाई करवा दी जाएगी, लेकिन माह बीत जाने के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं। वहीं जब मामले में स्थानीय **पार्षद किशन बेमाड़** से उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन उठाना ही उचित नहीं समझा।

# सुल्तानपुरी: जीवन को बचाने के लिए पौधारोपण का लें संकल्प: खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पर्यावरण** को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। तथा धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। वहीं सुल्तानपुरी विधानसभा क्षेत्र से समाजसेवी व विधायक प्रतिनिधी आरडी खान ने आगे बताया कि पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है। हम सबको अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ्य है।
**पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध:** पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। हमारे आस-पास हरियाली दिख रही है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है।
**पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी:**
**प्रत्येक** व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं। पौधे जब बड़े होते हैं तो यह हमें फल, फूल व छाया सहित जीवन जीने के लिए आक्सीजन देते हैं।

# राजपूत युवा संघ नारायणा गांव द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजपूत युवा संघ** नारायणा गांव के तत्वावधान में नारायणा गांव में रिंग रोड पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन राजपूत युवा संघ और नारायणा व गुरु नानक देव चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा किया गया। जिसमें नारायणा क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इस रक्तदान शिविर को सफल बनाया। रक्तदान शिविर सुबह 10:00 बजे से शाम 6:30 बजे तक चला जिसमें लोगों द्वारा डेढ़ सौ यूनिट रक्त दान किया गया। शिविर में महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया। शिविर के आयोजन में आदित्य तंवर, देवेन्द्र तंवर, अमित तंवर और स्थानीय ग्रामीण युवाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता: देवेन्द्र यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेशन फस्ट फाउंडेशन** के बैनर तले आयोजित चौधरी न्यादर सिंह मेमोरियल ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के तहत माता सुखदेवी स्कूल नंगलीपूना में फुटबॉल के 4 मैचों में पहला मैच आदर्श नगर और कराला के बीच खेला गया। जिसमें आदर्श नगर 5-2 से विजयी रहा। दूसरा मैच कुतुबगढ़ वनाम खेड़ा खुर्द के बीच खेला गया। जिसमें खेड़ा खुर्द ने 3-2 से जीत हासिल किया। तीसरा मैच वाजिदपुर वनाम नांगल ठाकरान के बीच खेला गया, जिसमे वाजिदपुर ने 1-0 से जीत हासिल किया वहीं चौथे मैच दरियापुर वनाम स्वरूप नगर के बीच खेला गया। जिसमे दरियापुर 4-1 से विजयी रहा। पीएसआर क्रिकेट ग्राउंड नंगलीपूना में क्रिकेट का पहला मैच प्रह्लादपुर वनाम सिरसपुर के बीच खेला गया। जिसमें सिरसपुर ने मैन ऑफ द मैच चिराग राणा के शानदार आल राउंड प्रदर्शन के बदौलत 9 विकेट से जीत हासिल किया। दूसरा मैच क्रिकेट ग्राउंड में बेगमपुर और पूठ कलां के बीच खेला गया जिसमें पूठ कलां ने मैन ऑफ द मैच ऋषभ के 4 विकेट और 12 रनो की बदौलत 52 रन से शानदार जीत हासिल किया। तीसरा मैच कादीपुर क्रिकेट ग्राउंड में बवाना वनाम उज्वा गांव के बीच खेला गया जिसमें मैन ऑफ द मैच अंशुल के 5 विकेट की शानदार बॉलिंग के बदौलत बवाना ने 103 रनो से जीत हासिल किया। नेशन फस्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने सभी विजयी टीम के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया और कहा कि ग्रामीण प्रतिभाओं को निखारने की आवश्यकता है क्योंकि यहीं के खिलाड़ी भविष्य में देश के लिए खेलेंगे।

# दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अर्पित की पुष्पांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रपिता** महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में गांधी जी की तस्वीर पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इससे पूर्व अरविन्दर सिंह लवली ने राजघाट पर महात्मा गांधी और विजय घाट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल पर फूल चढ़ाकर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में राष्ट्रपिता को पुष्पाजंलि अर्पित करने वालों में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चौपड़ा, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य मनीष चतरथ, पूर्व विधायक मुकेश शर्मा, भीष्म शर्मा, जय किशन, नीरज बसौया, निगम में सदन के पूर्व नेता जितेन्द्र कुमार जीतू, अमित मलिक, जिला अध्यक्ष राजेश चौहान, आदेश भारद्वाज, धर्मपाल चंदेला, दिल्ली सेवादल के मुख्य संगठक सुनील कुमार, आदर्श नगर जिला कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिंदल, मौहम्मद उस्मान, रितू सिंह चौहान, दीपक वशिष्ठ, अब्दुल वाहिद कुरेशी, शिवम भगम सहित बड़ी संख्या में ब्लाक अध्यक्ष, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।
प्रदेश अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जन्मदिन को राष्ट्रीय पर्व का गौरव देना राष्ट्र के प्रति उनका प्रेम था। महात्मा गांधी ने जिस अहिंसा के रास्ते पर चलकर देश को आजाद कराया। आज पूरा विश्व अहिंसा के रास्ते पर चल रहा है। महात्मा के बताए रास्ते पर चलकर 2 अक्टूबर को पूरे विश्व में अहिंसा दिवस के रुप में मनाया जाता है। महात्मा गांधी ने आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलकर सम्पूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता पर चलने का रास्ता दिखाया बल्कि जिंदगी को सही तरीके से जीना भी सिखाया। अरविन्दर सिंह लवली ने कहा कि गांधी जी के विचारों से केवल भारत ही नही बल्कि विदेशों में भी लाखों लोग प्रभावित है।



**डॉ. विपिन पिव्हाल**
**अध्यक्ष, वीआईपी फाउंडेशन**

# गरीबों व असहायों की मदद के लिए आगे है वीआईपी फाउंडेशन

## पूरी दिल्ली में खोले जायेगें बस्ती विकास केन्द्र: डॉक्टर विपिन पिव्हाल



4 वीआईपी फाउंडेशन का लक्ष्य समाज को जागरूक करना है, जिसके लिए हमारी पूरी टीम हमेशा ही कार्यरत रहती है।

4 दिल्ली के कई स्लम क्षेत्रों में वीआईपी फाउंडेशन के द्वारा बस्ती विकास केन्द्र खोले जायेगें और यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा: डॉ. विपिन पिव्हाल

एक्शन इंडिया EXCLUSIVE

**आज** हम आपकी मुलाकात ऐसी युवा शख्सियत से करवाने जा रहे है, जो आज अपने सेवा के कार्यों की बदौलत दिल्ली में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है, जी हां हम बात कर रहे है वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल की।

**कौन है डॉ. विपिन पिव्हाल**
डॉ. विपिन पिव्हाल वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष है और इसके अलावा कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए हैं और हमेशा ही गरीब, असहाय और बेसहारा तबके के लोगों की हमेशा सहायता करने में आगे रहते है।

**वीआईपी फाउंडेशन का क्या है लक्ष्य**
वीआईपी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि इस फाउंडेशन की नींव 2016 में रखी गई थी। हमारा लक्ष्य है कि हम पंक्ति के अंतिम में बैठे हुए व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाई जा सके। ताकि उस व्यक्ति को भी सुविधाएं मिले और वह सुविधाओं से वंचित न रहे। जिसके लिए हमारे फाउंडेशन की टीम हमेशा ही कार्यरत रहती है।

**बेसहारा व असहायों की सहायता करने में आगे हैं फाउंडेशन**
डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि फाउंडेशन हमेशा ही गरीब, बेसहारा व असहाय लोगों की काफी मदद करता रहता है, हमारे पास जो कोई भी अपनी समस्या लेकर आता है, हमारी कोशिश यही रहती है कि हम उसकी समस्या का उचित समाधान करें।

**दिल्ली के विभिन्न इलाको में खोले जायेगें बस्ती विकास केन्द्र**
श्री पिव्हाल ने जानकारी देते हुए यह भी बताया कि फाउंडेशन के द्वारा वैसे तो दिल्ली के कई इलाको में बस्ती विकास केन्द्र चल रहे है, लेकिन बस्ती विकास केन्द्रों का विस्तार करते हुए दिल्ली के अन्य कई इलाकों में सेन्टर जल्द ही खोले जायेगें, जिससे की जनता को सही जानकारी और बेहतर सुविधाएं मिल सके।

**कोरोना काल में भी लोगों की मदद कर चुका है फाउंडेशन**
श्री पिव्हाल ने बताया कि वीआईपी फाउंडेशन की टीम ने कोरोना काल में भी लोगों की मदद की है, जहां एक और हमने कई प्रवासी व मजूदरों की सहायता कर उनको आर्थिक सहायता दी थी, वहीं कई लोगों को खाना सहित कई सुविधाएं उपलब्ध करवाई थी।

**शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे रहा है फाउंडेशन**
फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा व स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान दिया जा रहा है। साथ ही कई डांस एकेडमी, सिलाई सेन्टर व अन्य सेन्टर चल रहे है।





# पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के रूप में सेवा को नई ऊंचाई दी: राजेश नागर

**अभियान**

**8 गांव अलीपुर में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाने पहुंचे विधायक राजेश नागर**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। भाजपा तिगांव मंडल की ओर से आज गांव अलीपुर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छता के रूप में सेवा को नई ऊंचाई दी है।आज हर व्यक्ति सेवा कर सकता है क्योंकि स्वच्छता के लिए किसी धन बल की आवश्यकता नहीं है।
उन्होंने आर्यन पब्लिक स्कूल में आयोजित इस स्वच्छता अभियान के साथ सभी को जुड? की अपील की। उन्होंने कहा कि 17 सितंबर से शुरू हुआ यह स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आज पूरे देश में जोर शोर के साथ समापन हुआ है। जिसमें लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया गया है।
इससे एक दिन पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एक घंटा, एक साथ स्वच्छता का मेगा ड्राइव चलाया। हम शासन प्रशासन और जनता की तिगड़ी मिलकर देश और प्रदेश को रोग मुक्त बनाना चाहते हैं। इसके लिए सभी को मिलकर स्वच्छता को अपनाना होगा।उन्होंने कहा कि हम सबको भी अपने कत्र्तव्यों के प्रति सचेता होना चाहिए। सबसे अधिक गंदगी प्लास्टिक फैलाती है। हमें चाहिए कि हम कम से कम प्लास्टिक का प्रयोग करें। थैले के लिए हम कपड़े का इस्तेमाल करें और जो भी प्लास्टिक प्रयोग में आ चुकी है उसे कबाड़ी को बेच दें। खुले में या कूड़े में न डालें। भाजपा तिगांव मंडल के अध्यक्ष गिर्राज त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता ने भी भागीदारी की। कार्यक्रम प्रारम्भ करने से पहले महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वहीं निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया।जिसका सैकड़ों की संख्या में लोगों ने लाभ उठाया।

# एनएसएस वॉलंटियर्स करेंगे डिमेंशिया रोगियों की मदद : डॉ दुर्गेश शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।। नेहरू कॉलेज फरीदाबाद की एनएसएस यूनिट ने प्रोग्राम ऑफिसर डॉ दुर्गेश शर्मा के दिशानिर्देशन में डिमेंशिया सेंटर का दौरा किया। जहां सभी वॉलंटियर्स ने डिमेंशिया रोगियों से मुलाकात की उनका हाल चाल जाना। डॉ दुर्गेश ने बताया कि डिमेंशिया एक व्यापक शब्द है जिसमें स्मृति हानि, सोचने की क्षमता, सामाजिक कौशल में गिरावट, तर्क कौशल और दैनिक जीवन में हस्तक्षेप करने के लिए गंभीर मानसिक क्षमताओं सहित लक्षणों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। यह मस्तिष्क में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के कारण होता है। डिमेंशिया को अक्सर गलत तरीके से 'बुढ़ापन' या 'सेनिल डिमेंशिया' कहा जाता है, जो व्यापक गलत धारणा को दशार्ता है कि गंभीर मानसिक गिरावट उम्र बढ़ने का एक स्वाभाविक हिस्सा है। डॉ दुर्गेश ने बताया कि एनएसएस यूनिट थर्ड जब जब समय होगा जरूर इनकी मद्दत करने इनके साथ समय बिताने के लिए इनके बीच जरूर आएँगे। इस दौरान विवेक, देवराज, सौरभ, ज्योति, भावना आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध रूप से चल रहे स्विमिंग पूल में डूबकर युवक की मौत, केस दर्ज

**फरीदाबाद**
ग्रेटर फरीदाबाद के गांव बुढ़ैना स्थित एक स्वीमिंग पुल में शनिवार रात एक युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान दिल्ली के मोलड़बंद निवासी अजय कुमार उर्फ अक्षय (24) के रूप में हुई है। घटना की सूचना पाकर खेड़ीपुल थाना पुलिस मौके पर पंहुची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पिता की शिकायत पर पुलिस ने संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
मृतक के पिता शिव कुमार ने बताया कि अजय उनका इकलौता बेटा था। उसने बीएड कर रखा था और निजी कंपनी में काम करता था। उसकी दो बहनें हैं। शनिवार शाम करीब साढे.छह बजे वह घर से दिल्ली के नेहरू प्लेस में लैपटॉप का चार्जर खरीदने की बात कहकर निकला था। इसके बाद कॉलोनी के ही तीन दोस्तों के साथ सेक्टर-86 स्थित बुढ़ैना में बने एक स्वीमिंग पुल में नहाने चला गया। शनिवार रात करीब साढ़े आठ बजे अजय ने पिता से फोन पर बात की और कहा कि वह जल्दी ही घर आ जाएगा। रात करीब साढ़े दस बजे मनीष तिवारी नाम का युवक उनके घर आया और कहा कि अजय की मौत हो गई है। सूचना पाते ही वह परिवार के साथ अस्पताल पहुंचे। वहां अजय का शव रखा हुआ था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया। रविवार दोपहर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने हत्या का शक जाहिर करते हुए स्वीमिंग पुल संचालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। थाना खेडीपुल प्रभारी एसआई कृष्ण गोपाल का कहना है कि मृतक के पिता की शिकायत पर पूल संचालक तेजवीर के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सट्टा खिलाने वाले 2 आरोपी को क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने किया गिरफ्तार, आरोपियो से 9500/-रु नगद बरामद



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी जगवीर सिंह की टीम ने सट्टा खिलाने वाला 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम शत्रुधन और परविन्दर है आरोपी शत्रुधन फरीदाबाद की डबुआ कॉलोनी का तथा आरोपी परविन्दर एसजीएम नगर का रहने वाला है। आरोपी शत्रुधन को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से डबुआ मंडी से तथा आरोपी परविन्दर को एसजीएम नगर से सट्टा खिलाते हुए काबू किया है। आरोपी शत्रुधन से 4450/-रु नगद सट्टा पर्ची और पेन व आरोपी परविन्दर से 5050/-रु नगद सट्टा पर्ची और पेन बरामद किया गया है। आरोपी शत्रुधन के खिलाफ थाना डबुआ में तथा आरोपी परविन्दर के खिलाफ थाना एसजीएम नगर में सट्टा खिलाने की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ती के लिए सट्टा खिलाने का काम करता है। दोनों आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियामानुसार कार्रवाई की गई है।

### गश्त के दौरान दो पुलिसकर्मियों को युवकों ने पीटा, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
शहर में रविवार देर रात गश्त कर रहे दो पुलिस कर्मचारियों पर कुछ बदमाशों ने डंडों से हमला कर उनका मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। घायल पुलिस कर्मियों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग जरूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों को सोशल मीडिया का सुरक्षित तरीके से उपयोग करने की सलाह दी है।
सोमवार को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह के मौके पर मुख्यमंत्री लाल ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। जिसे देखते हुए साइबर सुरक्षा बेहद जरूरी है।
दरअसल, 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरुकता माह मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हरियाणावासियों के नाम अपील में कहा है कि साइबर अपराधों की रोकथाम, इलेक्ट्रोनिक भुगतान, दैनिक जीवन तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग आदि विषयों पर सचेत रहें ।

# बुलंद भारत पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, चुनावों में प्रत्याशी उतारेगी पार्टी

**सम्मेलन**

**8 बुलंद भारत पार्टी ने मैगपाई पर्यटन कांपलेक्स में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया**




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।
बुलंद भारत पार्टी ने आज फरीदाबाद स्थित मैगपाई पर्यटन कांपलेक्स में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जिसके दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुणाल कांत व राष्ट्रीय महासचिव मनोज शर्मा ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। हरियाणा में आर पी गौर (हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष), अनीता शर्मा (महिला प्रदेश अध्यक्षा), महेश गर्ग (प्रदेश उपाध्यक्ष), अशोक नर्वत (युवा प्रदेशाध्यक्ष) व जिलास्तर पर विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। पार्टी द्वारा आयोजित प्रथम कार्यकर्ता सम्मेलन की अभूतपूर्व सफलता से गदगद राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यक्रम में हरियाणा व अन्य राज्यों से आए हुए सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों का धन्यवाद किया व पार्टी को नई ऊंचाइयों की तरफ ले जाने के लिए सभी कार्यकताओं का प्रोत्साहन किया। पार्टी के महासचिव मनोज शर्मा अधिवक्ता ने बताया कि उनकी पार्टी दिनों दिन प्रगति पथ पर अग्रसर है व दिनोंदिन उनकी पार्टी से लोग जुड़ते जा रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान उन्होंने हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष व अन्य सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी पार्टी देश में राजनीति की दशा दिशा बदलने के लिए प्रतिबद्ध है व सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पार्टी के उद्देश्यों के प्रचार प्रसार के लिए तन मन धन से कार्य करेंगे व भारत देश को बुलंद भारत बनाने के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में हरसंभव योगदान सुनिश्चित करेंगे। पार्टी के अध्यक्ष श्री कुणाल कांत ने कार्यक्रम में देश-प्रदेश से आए सैकड़ों कार्यकताओं को पार्टी के उद्देश्यों के बारे में बताया कि बुलंद भारत पार्टी जात-पात, क्षेत्रवाद, अलगाववाद व परिवारवाद की राजनीति से ऊपर उठकर राजनीति की नई ऊंचाइयों को छूने व देश को बुलंदी की ओर ले जाने हेतु अग्रसर है। इस दिशा में कार्य करते हुए देश को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आंतरिक व बाह्य सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, उद्योग आदि क्षेत्रों को प्राथमिकता पर रख बुलंद भारत बनाने की दिशा में कार्य करेगी।

# गांधी व शास्त्री दोनो महान: सुरेन्द्र शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा ने सैक्टर - 12 फरीदाबाद स्थित कार्यालय पर श्रदेय महात्मा गांधी जी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयन्ती के उपलक्ष्य उनके चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर शत शत नमन वन्दन कर याद किया पण्डित सुरेन्द्र शर्मा बबली राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा महात्मा गांधी ने देश की आजादी मे अहम योगदान दिया दांडी यात्रा नमक आन्दोलन जैसे अनेक कार्य उन्हे राष्ट्रपिता के नाम से जाना जाता है प्रधानमंत्री श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री जी सादगी के प्रतीक इन्होने नारा दिया जय जवान जय किसान उन्हे गुदडी के लाल से जाना जाता था दोनो ही महान व्यक्तित्व के धनी थे हमे इनके आदर्श मार्ग का अनुसरण करना चाहिए इस अवसर पर पं हरीश पाराशर एडवोकेट पं कृष्ण पाराशर एडवोकेट पं करण पाराशर इंजीनियर साहिल अनुराग राजेश पवन कृष्णकांत कुणाल राजकुमार शंकर दीपक सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पानीपत में राजमिस्त्री की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
पानीपत में अज्ञात लोगों ने एक राजमिस्त्री को मौत के घाट उतार दिया। राज मिस्त्री का शव सोमवार सुबह उसके कमरे में मिला है। मृतक की पहचान धर्मवीर पुत्र रामफल निवासी शिव कॉलोनी रोहतक के रूप में हुई है, जोकि पिछले करीब एक माह से पानीपत में जाटल रोड पर धर्म कांटे के पास एक कमरे में रहता था। वह यहां राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार की रात को उसे अज्ञात लोगों ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया। अज्ञात हमलावरों की पहचान कर धरपकड़ में पुलिस की टीमें जुट गई हैं। जिसमें सीआईए, थाना पुलिस, साइबर एक्सपर्ट शामिल हैं।

# गुरुग्राम: विधायक जरावता व कमिश्नर ने जमीन पर बैठकर लिया कार्यक्रमों का आनंद



**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
पटौदी से भाजपा विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने सफाई कर्मचारियों की आवाज उठाते हुए सरकार से मांग की है कि उन्हें सेमी स्किल्ड वर्कर का दर्जा दिया जाए। सफाई कर्मचारियों का काम बहुत ही कठिन है, इसलिए उनका मानदेय सेमी स्किल्ड वर्करों के बराबर होना चाहिए। यह बात उन्होंने सोमवार को मानेसर नगर निगम की ओर से गांव नौरंगपुर वाटिका में स्वच्छता पखवाड़े के समापन अवसर पर कही।
विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने मानेसर नगर निगम आयुक्त अशोक कुमार गर्ग से कहा कि वे नगर निगम में कार्यरत सभी सफाई कर्मचारियों को आयुष्मान भारत और चिरायु योजना में शामिल कराएं, ताकि सफाई कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्य को सुगम इलाज मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम सभी सफाई कर्मचारियों का ईपीएफ और ईएसआई का भुगतान भी सुनिश्चित करे। महिला सफाई कर्मचारियों व उनके बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। विधायक व आयुक्त ने सफाई कर्मचारियों के साथ जमीन पर बैठकर कार्यक्रम देखा।
विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि सफाई का काम बहुत ही जटिल है।
अपनी पूर्व की यादों को ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि एक समय था जब वे बैंक में नौकरी करते थे। उनकी पत्नी भी नौकरी करती थी। वे अपनी पत्नी को सुबह नौकरी पर छोड? के लिए जाते थे, तो सुबह की पहली चाय वे गुरुग्राम में सफाई कर्मचारियों के साथ ही पीते थे। विधायक ने कहा कि महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह जल्दी काम के लिए निकलना पड़ता है, जिस कारण वे अपने बच्चों को स्कूल के लिए तैयार नहीं कर पाती। इसलिए उनकी अपील है कि महिला सफाई कर्मचारियों को सुबह नौकरी पर आने के लिए कुछ समय की छूट दी जाए। वे भी अपने बच्चों को स्कूल के तैयार कर सके।

# रास्ते के लिए दो पक्षों के विवाद में बाप बेटे की हत्या, 4 गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/बल्लभगढ़ (हरपाल सिंह यादव )**। यमुना किनारे बसे शाहजहांपुर गांव में रास्ते के विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस विवाद में पिता और बेटे की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
पुलिस ने देर शाम चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया। अन्य की तलाश जारी है। थाना छायंसा पुलिस ने 11 लोगों को खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।
गांव शाहजहांपुर में रविवार सुबह दो पक्षों में रास्ते को लेकर झगड़ा हो गया। रास्ता गांव इमामुद्दीनपुर की पंचायती जमीन पर बना हुआ है। इसका दोनों पक्षों द्वारा इस्तेमाल किया जाता है। रास्ते को लेकर कई बार दो पक्षों के बीच कई बार सुलह करवाई गई, लेकिन बात नहीं बनी।
गांव के सरपंच मंजू रानी के पति राजू ने बताया कि इसी विवाद को लेकर रविवार सुबह भी पंचायत हुई लेकिन दोनों पक्ष नहीं माने। जिसके कारण पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने में बुलाया। थाने में जाने से पहले ही दोनों पक्ष आपस में भिड़। जिसमें बाप बेटे की मौत हो गई। इसके अलावा कई लोग घायल भी हैं। पुलिस के अनुसार एक पक्ष के राजकुमार (45), उनका बेटा हिमांशु (24), होशियार, सचिन और राजकुमार की बेटी प्रीति हैं। वहीं दूसरे पक्ष की तरफ से अभी कोई सामने नहीं आया है। सुबह 11 बजे रास्ते के विवाद को लेकर हुई बहस देखते ही देखते बड़े विवाद में बदल गई और दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान राजकुमार और उसके बेटे हिमांशु की मौत हो गई। जबकि होशियार, सचिन और प्रीति गंभीर रूप से घायल हो गए।
पुलिस ने होशियार की शिकायत पर हत्या का मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मृतक राजकुमार निजी कंपनी में नौकरी करता था। वहीं बेटा हिमांशु पढ़ाई करता था। थाना छांयसा प्रभारी सुरेंद्र का कहना है कि हत्या सहित संगीत धाराओं के तहत 10/ 11 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# सुंदर और स्वच्छ फरीदाबाद की परिकल्पना को साकार करने के लिए शहर की लायंस क्लब्स ने निकाली रैली



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारतरत्न लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 321ए1 के बैनर तले शहर की विभिन्न लायंस क्लब्स ने एक साथ मिलकर सेक्टर-19 लायंस भवन ओल्ड फरीदाबाद से एक स्वच्छता जागरुक रैली निकाली । जिसमें मुख्यतिथि के रुप में लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल रहे। रैली में सीएम मनोहर लाल के पूर्व राजनितिक सलाहकार अजय गौड़ स्लोगन हाथ में उठाए नजर आएं उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा की इस तरह का अभियान चलाकर लोगो को जागरूक करना बहुत बड़ा श्रम दान है लायंस क्लब जैसे संगठन हम सब को साफ स्वच्छ रहने एवम साफ सफाई रखने का संदेश देते है। इस पर हम सबको ध्यान देने की जरुरत है। आज हमारे भारत रत्न स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का भी जन्मदिन है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के सपनों को पूरा करने के लिए हम सब को अपने आचरण में अहिंसा का भाव जागृत करने के साथ ही मानवता के प्रति करुणा का भाव पैदा करना होगा। यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।। जागरूरक रैली में निवर्तमान पार्षद सोम मल्होत्रा ने भी भाग लिया।
इस अवसर पर पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर अनिल अरोड़ा और फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर के रुप में लायन एनके गुप्ता लायंस मेंबर्स और । स्वच्छता जागरुक रैली सेक्टर-19 से लायंस भवन से शुरू होकर ओल्ड फरीदाबाद मार्किट से गुजरते हुए सेक्टर-18 के रास्ते वापस लायंस भवन पर आकर समाप्त हुई। इस मौके पर फरीदाबाद, पलवल, दिल्ली को मिलाकर 15 लायंस क्लब ने इस स्वच्छता जागरुक रैली में भाग लिया। इस मौके पर फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर के रुप में लायन एनके गुप्त ने आए हुए सभी लायंस क्लब के सदस्यों का स्वागत किया। स्वच्छता जागरुक रैली को लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल ने तिरंगा झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान लायंस कार्यकताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक रहने के लिए संदेश दिया। वही कई जगह पर गंदगी देखते हुए सफाई अभियान भी चलाया और सड़क को साफ किया। रैली के दौरान सभी क्लब के सदस्यों ने हाथों में स्लोगन लेकर और तिरंगा झंडा लेकर नारे लगाते हुए लोगों को शहर साफ सुथरा रखने का संदेश दिया।
इस मौके पर लायंस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन प्रदीप सिंघल ने कहा कि आज 15 लायंस क्लबों ने मिलकर जो रैली निकाली है। इससे निश्चित तौर पर लोगों में पॉजेटिव सोच आएगी। लोगों की सोच जब तक चेंज नहीं होगी। तब तक बापू महात्मा गांधी जी के सपनों का स्वच्छ भारत और स्वच्छ शहर नहीं बन पाएगा। सुंदर और स्वच्छ फरीदाबाद की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को आगे आना होगा।
ऐसा करके हम बच्चों को आने वाले समय में एक बेहतर शहर का तोहफा दे सकते हैं।वहीं फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर लायन एनके गुप्ता ने भाग लेने वाले सभी क्लब मेंबर्स का धन्यवाद किया। लायन एनके गुप्ता ने कहा कि घर को साफ रखते है लेकिन शहर को हम लोग गंदा कर देते है। इन्ही विचारों को चेंज करना है। उन्होने कहा कि स्वच्छता के साथ ही प्लास्टिक के समानों को भी इस्तेमाल करने से बचना है। पर्यावरण बचेगा तो हम बचेंगे हमारी आने वाली पीढ़ी भी जिंदा रहेगी। इस मौके पर लायंस आरके गुप्ता ने कहा कि ऐसी जागरुक रैली तभी सफल हो सकती है। जब शहरवासियों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारी भी शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रुप से पालन करे। शहर को स्वास्थ्य रखने के लिए स्वच्छता जरूरी है।
स्वच्छता में जनता की सहभागिता और जनप्रतिनिधियों का सक्रिय सहयोग जरूरी है। रैली में खेड़ी गुजरान कॉलेज के स्टूडेंट्स और बीएमडी कान्वेंट स्कूल संजय कॉलोनी के स्टूडेंट्स रैली मैं स्लोगन हाथों में लिए लोगो को सफाई के प्रति जागरूक करते दिखाई दिए। इस मौके पर लायन राजेश कुमार गुप्ता, लायन आरके चिल्लाना, लायन जयप्रकाश गुप्ता ,लायन आरपी ओझा , लायन आरके गुप्ता , लायन राजेश गुप्ता , लायन सतीश परनामी, लायन अशोक अरोड़ा, लायन अमरजीत सिंह कोचर, लायन महेश बांगा, लायन शिवकुमार गुप्ता , लायन प्रदीप गर्ग, लायन विनय गुप्ता ,लायन अजय शर्मा ,लायन सुरेश शर्मा , लायन विवेक बंसल ,लायन जयदीप काटियार ,लायन योगेश गुप्ता, मुकेश अरोड़ा , लायन माला गुप्ता , आशा वोहरा ,राहुल सिंघल, लायन योगिन्दर सिंह, अनिल खुराना कई लायन महिला मेंबर्स और दिल्ली , पलवल से भी कई क्लबों ने आकर इस अभियान को सफल बनानें में अपना सहयोग दिया।.

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 03 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# भारतीय योग संस्थान का 57वां योग दिवस संपन्न


## संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराए गए सामूहिक योगाभ्यास का दृश्य बड़ा ही मनमोहक था, 10,000 से अधिक साधक साधिकाओं ने श्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
छत्रसाल स्टेडियम, मॉडल टाउन में भारतीय योग संस्थान का 57वां भव्य योग दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। 10,000 से अधिक साधक साधिकाओं ने श्वेत वस्त्र धारण किए हुए थे। ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन, शंखनाद, सरस्वती बन्दना, स्वच्छंद आकाश में उड़ते रंग बिरंगे गुब्बारों व शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों ने सबका मन मोह लिया।


इस कार्यक्रम में दिल्ली के बाहर से गाजियाबाद, गुरुग्राम, सोनीपत, रोहतक, नोएडा, खतौली, उकलाना, नरवाना, टोहाना आदि शहरों से भी साधक-साधिकाओं ने भाग लिया। संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कराए गए सामूहिक योगाभ्यास का दृश्य बड़ा ही मनमोहक था। संगीत समिति ने मधुर, प्रेरक व सामूहिक गीत प्रस्तुत किया "वंदे योगम्‌ योगम्‌ शरणम्‌।" छत्रसाल स्टेडियम में भारतीय योग संस्थान द्वारा आयोजित 57 व योग दिवस के अवसर पर संस्थान के अखिल भारतीय प्रधान देस राज ने कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 10,000 साधकों व दर्शकों को हार्दिक बधाई दी एवं संस्थान का परिचय देते हुए "मधुमेह रोग व योग" पर सारगर्भित वार्ता दी।

**योगाभ्यास**

**8 जब मधुमेह का रोगी नियमित योगाभ्यास व प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाता है तो वह इस रोग को नियन्त्रित कर लेता है**

देस राज ने बतलाया कि मधुमेह का रोग आधुनिक, निष्क्रिय व तनावयुक्त जीवन शैली का परिणाम है। उन्होंने मधुमेह रोग के कारण व दुष्परिणाम बतलाते हुए बताया कि जब मधुमेह का रोगी नियमित योगाभ्यास व प्राकृतिक जीवनशैली को अपनाता है तो वह इस दुसाध्य रोग को नियन्त्रित करते हुए एक अच्छा जीवन जी सकता है।

इस अवसर पर भारतीय योग संस्थान के महामंत्री  ललित गुप्ता ने सर्वप्रथम संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्व. श्री प्रकाश लाल जी को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि उन्होंने संस्थान की स्थापना भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए की। उन्होंने बताया कि आज संस्थान के 4500 से अधिक योग साधना केन्द्र भारत के अतिरिक्त यू.के., यू.एस.ए., ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, फीजी, दुबई, नेपाल, कनाडा, चीन तथा ताईवान में भी निःशुल्क चल रहे हैं। लाखों साधक प्रतिदिन इन केन्द्रों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक, नैतिक एवं चारित्रिक लाभ उठाते हुए उपने जीवन को निरोगी व आनन्दित बना रहे हैं।





# यूपी: बाढ़ प्रभावित जिलों में नहीं सोया कोई भूखा

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**योगी** सरकार प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों में जनहानि को रोकने में काफी हद तक कामयाब रही है। इसकी वजह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जनपदों का लगातार हवाई सर्वे के साथ स्थलीय निरीक्षण रहा है। इतना ही नहीं उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंचकर वहां के लोगों से संवाद के साथ उनके लिए की गई व्यवस्था का बारीकी से मुआयना किया। ऐसे में अत्याधिक बाढ़ प्रभावित 20 जनपदों की 84 तहसीलों में 1310 बाढ़ चौकियों की स्थापना की गयी।



साथ ही 2647 मेडिकल टीम का गठन किया गया। वहीं 69,726 खाद्यान्न सामग्री पैकेट और 4,65,048 लंच पैकेट वितरित किये गये।

**प्रदेश के 37 जिलों में हुई सामान्य से अधिक बारिश:** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश के 13 जनपदों में 1 जून से 15 सितंबर तक अतिवृष्टि यानी 120 प्रतिशत से अधिक बारिश रिकार्ड की गयी है। इनमें ज्यादातर इलाके पश्चिमी यूपी के हैं। इसी तरह प्रदेश के 24 जिलों में सामान्य से अधिक यानी 120 से 80 प्रतिशत बारिश दर्ज की गयी है।

**समीक्षा बैठक**

**8 बांटे गये साढ़े चार लाख लंच पैकेट, मानसून के सक्रिय होने से पहले सीएम की समीक्षा बैठक का दिखा असर**

## अरुणाचल: दो उल्फा-आई कैडरों को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ईटानगर**
**सुरक्षा** बलों ने सोमवार (2 अक्टूबर) को अरुणाचल प्रदेश में उल्फा-आई के दो कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने तिरप जिले में एक अभियान के दौरान उल्फा कैडरों को गिरफ्तार किया। राज्य के एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि इनपुट के आधार पर असम राइफल्स की खोंसा बटालियन और अरुणाचल प्रदेश पुलिस की एक संयुक्त टीम ने रविवार को विद्रोहियों को गिरफ्तार कर लिया।

# वंदे भारत ट्रेन को पलटाने की साजिश

**टीम एक्शन इंडिया/भीलवाड़ा**
**उदयपुर से** जयपुर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन को सोमवार सुबह पटरी से उतारने की साजिश रची गई। षड़यंत्र के तहत ट्रैक पर पत्थर और लोहे के सरिए बिछाए गए थे, लेकिन लोको पायलट की सजगता से बड़ी दुर्घटना टल गई। भीलवाड़ा से करीब चालीस किलोमीटर दूर चित्तौड़ जिले में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच अज्ञात बदमाशों ने पत्थर और लोहे की कील लगा कर ट्रेन को पलटाने का प्रयास किया। जानकारी मिलने पर तत्काल रेलवे सुरक्षा बल भीलवाड़ा की टीम



मौके पर पहुंची। एक सप्ताह में ही यह दूसरा प्रयास है। इससे पहले ट्रेन का उद्घाटन होने के अगले ही दिन पथराव किया गया था। अब ट्रेन को पटरी से नीचे उतारने की साजिश रची गई। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर से सुबह सात बजकर पचास मिनट पर रवाना होकर चित्तौड़गढ़ पहुंची थी। यहां से करीब साढे नौ बजे भीलवाड़ा के लिए निकली थी। इस बीच रास्ते में सोनियाणा व गंगरार रेलवे स्टेशन के बीच लोको पायलट को पटरियों में कुछ गड़बड़ी की आशंका हुई। लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया। ट्रेन से उतरकर देखा तो करीब पचास फीट की पटरी पर पत्थर, कीले और सरिए पड़े दिखे। उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दी। इस पर रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंची। पिछली बार पथराव की घटना मेवाड़ विश्वविद्यालय के सामने ही हुई थी।

**विरोध** चौधरी बीरेंद्र सिंह ने रैली कर भाजपा हाईकमान पर गठबंधन तोड़े को बनाया दबाव

# भाजपा-जजपा गठबंधन में नहीं होंगे शामिल: बीरेंद्र सिंह

**साधा निशाना**

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
**पूर्व केंद्रीय** मंत्री बीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा और जजपा का गठबंधन होगा तो वह पार्टी में नहीं रहेंगे। बीरेंद्र सिंह ने बिना दुष्यंत चौटाला का नाम लिए कहा कि जेजेपी जब हरियाणा में आई थी तो लोगों को उनमें देवीलाल नजर आने लगे थे, लेकिन जितना भ्रष्टाचार जेजेपी ने किया है उतना बड़ा धोखा किसी ने भी राजनीति में जनता के साथ नहीं किया है। उन्होंने कहा कि लोग उनके पास आकर बोलते हैं कि सीधे जाओ तो आठ प्रतिशत



और बिचौलिए को लेकर जाओ तो दस प्रतिशत देना पड़ता है। अगर भाजपा सही तरीके से हरियाणा में चुनाव लड़ना चाहती है तो जजपा को बाहर का रास्ता दिखाना होगा। इसके बाद फिर से लोग भाजपा की बात सुनने लग जाएंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा के कई बड़े नेता यह बोलते हैं कि बीरेंद्र सिंह को भाजपा ने इतना बड़ा सम्मान दिया कि सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कैबिनेट में शामिल हुए, लेकिन वह भाजपा को बताना चाहते हैं कि बीरेंद्र सिंह, राव इंद्रजीत, कृष्ण पंवार, रमेश कौशिक ने ही भाजपा की हरियाणा में ज्योति जलाने का काम किया था। उनके बिना हरियाणा में कुछ नहीं था। वह पार्टी छोड़ कर आए थे और फिर भाजपा को सत्ता में लाने का काम किया, जिस पर भाजपा ने उन्हें यह सम्मान दिया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह सोमवार को एकलव्य स्टेडियम में आयोजित मेरी आवाज सुनो कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**8 हरियाणा में भाजपा और जजपा का गठबंधन होगा तो वह पार्टी में नहीं रहेंगे: बीरेंद्र सिंह**

